चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 306, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 06 दिसंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## आर्थिक सुधारों को लेकर जल्दबाजी में नहीं सरकार

### पुरानी पेंशन स्कीम को लेकर सरकार क्या फैसला करती है इस पर भी सभी की नजर रहेगी



**नई दिल्ली**

विधानसभा चुनावों में विजय पताका लहराने के बाद भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को राजनीतिक मजबूती तो मिल गई है, लेकिन वह आर्थिक सुधारों को लेकर किसी तरह की जल्दबाजी में नहीं है। संक्षेप में कहें तो अगले आम चुनाव से पहले न तो सार्वजनिक उपक्रमों की सुस्त पड़ी विनिवेश प्रक्रिया में किसी तरह की तेजी दिखेगी और न ही सरकारी बैंकों व बीमा कंपनियों के निजीकरण को लेकर पूर्व में किए गए फैसलों को अमलीजामा पहनाने की कोशिश होगी। हालांकि पीएम नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों को अपनी वरीयता में रखा है, उससे बहुत संभव है कि आगामी बजट में इन सभी वर्गों के लिए किसी न किसी योजना का एलान हो सकता है। उधर, वित्त मंत्रालय में अगले अंतरिम बजट को लेकर गतिविधियां तेज होने जा रही हैं।

**मोदी सरकार ने इस परंपरा में काफी बदलाव किया है**

आमतौर पर सरकार के कार्यकाल के अंतिम वर्ष का बजट सीमित होता है, जिसमें सिर्फ अगले कुछ महीनों के वैधानिक खर्चों के लिए संसद से लेखानुदान की मंजूरी ली जाती है लेकिन मोदी सरकार ने इस परंपरा में काफी बदलाव किया है। वर्ष 2019 के अंतरिम बजट में बहुत सारी घोषणाएं थीं, जिसे बाद में सत्ता में वापस आने के बाद अमल में लाया गया।

**पीएम मोदी ने कही थी ये बात**

रविवार को राज्य विधानसभा चुनावों के परिणाम आने के बाद पीएम मोदी ने भाजपा मुख्यालय में कहा था कि उनकी सरकार युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों की उम्मीदों पर खरी उतरेगी। इस बयान को आगामी बजट में इन चार वर्गों को दी जा रही राहत स्कीमों को आगे बढ़ाने और कुछ नई घोषणाओं से जोड़कर देखा जा रहा है। वैसे इसी पखवाड़े केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गरीब वर्ग को मुफ्त में अनाज देने की पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना को पांच वर्षों के लिए बढ़ाकर अपनी मंशा साफ कर दी है।

### योजनाओं के एलान में नहीं आएगी पैसे की दिक्कत



**सरकार** की तरफ से आम जनता को क्या दिया जाएगा, यह तो बाद में पता चलेगा, लेकिन इतना स्पष्ट है कि इस बारे में खजाने के स्तर पर कोई दिक्कत नहीं आने वाली है। जीएसटी संग्रह में लगातार वृद्धि, राजकोषीय घाटे का पूरी तरह से लक्ष्य के मुताबिक रहना और अर्थव्यवस्था में उम्मीद से ज्यादा तेजी की रफ्तार तीन ऐसे कारक हैं जिससे वित्त मंत्रालय कुछ वर्गों को अतिरिक्त संसाधन देने में सक्षम नजर आता है।

**जीएसटी संग्रह औसतन 1.66 लाख करोड़ रुपये रहा**

चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से नवंबर के दौरान जीएसटी संग्रह औसतन 1.66 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह वर्ष 2022-23 के अप्रैल-नवंबर के मुकाबले 11.9 प्रतिशत ज्यादा है। वर्ष 2023-24 के शुरूआत में माना गया था कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें खजाना प्रबंधन के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती बनेंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कुछ महीनों को छोड़ दें तो क्रूड 80-85 डालर प्रति बैरल या इससे भी नीचे रही हैं। प्रत्यक्ष कर संग्रह की स्थिति भी सरकार की उम्मीदों से बेहतर है। पहली छमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रहने के बाद उम्मीद है कि पूरे वित्त वर्ष राजस्व संग्रह की स्थिति भी उम्मीद से बेहतर रहेगी। पुरानी पेंशन स्कीम को लेकर सरकार क्या फैसला करती है, इस पर भी सभी की नजर रहेगी।

## 'बंद हो जांच एजेंसियों का दुरुपयोग': निलंबन रद्द होते ही संसद पहुंचे राघव

**नई दिल्ली**

**संसद** के शीतकालीन सत्र के दौरान आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा मंगलवार को संसद पहुंचे। जहां उन्होंने केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग पर केंद्र की मोदी सरकार को घेरा। संसद परिसर में महात्मा गांधी के स्टेच्यू के पास आप सांसदों ने प्रदर्शन किया। बीते पंजाब से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा का 115 दिनों बाद निलंबन रद्द हुआ। संसद परिसर में आप सांसद राघव चड्ढा के अलावा अन्य पार्टी के सांसद भी नजर आए। सभी के हाथों में तख्ती नजर आई। इन तख्तियों पर लिखा 'जांच एजेंसियों का दुरुपयोग बंद करो',

## पाकिस्तानी आर्मी ने कश्मीरी पंडितों के धार्मिक स्थल 'शारदा पीठ' की जमीन पर किया कब्जा,



**कश्मीर**

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित कश्मीरी पंडितों की आस्था के प्रतीक शारदापीठ यानी देवी सरस्वती के प्राचीन मन्दिर पर पाकिस्तानी आर्मी ने कब्जा कर लिया है। एलओसी के निकट नीलम नदी के किनारे स्थित इस धार्मिक स्थल पर पाकिस्तानी सेना ने 'कॉफी होम' बना दिया है। पीठ की बाउंड्री वॉल तोड़ दी गई है। शारदा पीठ, मुजफ्फराबाद से लगभग 140 किलोमीटर और कुपवाड़ा से करीब 30 किलोमीटर दूर है। इस मामले में शारदा कमेटी, कश्मीर के संस्थापक एवं हेड रविंद्र पंडिता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग की है। इस बाबत शारदा कमेटी ने प्रधानमंत्री कार्यालय को 30 नवंबर को पत्र भेजा था। एक दिसंबर को प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा इस पत्र को रिसीव किया गया है। उक्त पत्र में जम्मू कश्मीर के हिंदू समुदाय ने शारदा पीठ के परिसर में पाकिस्तानी सेना द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण पर गहरी चिंता जताई है। शारदा पीठ की बाउंड्री वॉल को नुकसान पहुंचाया गया है। सिविल सोसायटी के सदस्यों ने एलओसी के पार जाकर शारदा पीठ का मुआयना किया है। परिसर में मरम्मत पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। राजस्व रिकॉर्ड के मुताबिक, शारदा पीठ परिसर के पास 73 कनाल का क्षेत्र था, लेकिन अब अतिक्रमण के चलते वह क्षेत्र महज 10 कनाल ही शेष बचा है। पाकिस्तान की सेना, वहां पर अतिक्रमण कर रही है।

## केन्या में लापता भारती: एक दूसरे के संपर्क में दोनों पक्षों के अधिकारी

**नई दिल्ली**

**केन्या में** लापता दो भारतीयों के मुद्दे पर विदेश मंत्रालय (एमईए) ने मंगलवार को प्रतिक्रिया दी है। मंत्रालय ने कहा कि इस मामले को लेकर दोनों पक्षों के अधिकारी एक दूसरे के संपर्क में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अटकलें नहीं लगानी चाहिए, क्योंकि जांच जारी है। एक केन्याई प्रकाशन के मुताबिक, बालाजी टेलीफिल्म्स के पूर्व सीओओ जुल्फिकार अहमद खान और एक अन्य भारतीय नागरिक मोहम्मद जैद सामी किदवई जुलाई 2022 के मध्य में वेस्टलैंड्स के एक लोकप्रिय क्लब को छोड़ने के बाद लापता हो गए थे। उनका ड्राइवर निकोदेमुस मवानिया भी तब से लापता था। विदेश मंत्रालय के सचिव (आर्थिक संबंध) दम्मू रवि ने मंगलवार को यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, 'दोनों पक्षों के अधिकारी एक-दूसरे के संपर्क में हैं और दोनों पक्षों के बीच सूचना साझा की जा रही है।' उन्होंने आगे कहा, लेकिन इस समय हमें अटकलें नहीं लगानी चाहिए क्योंकि जांच चल रही है ... और हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि आने वाले दिनों में चीजें कैसे सामने आएंगी।

पिछले साल भारत ने लापता भारतीयों के मामले में केन्याई पक्ष को सभी तरह की मदद की पेशकश की थी और वह इस मामले से जुड़े घटनाक्रम पर करीब से नजर रखे हुए है। एक भारतीय जांच दल ने एक से तीन नवंबर, 2022 तक नैरोबी का दौरा किया और केन्याई सरकार के लोक अभियोजन विभाग और आपराधिक जांच विभाग से मुलाकात की। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुतो से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत और केन्या के बीच साझेदारी को गहरा बनाने पर विचार-विमर्श किया। दोनों ने एक साझा प्रेस ब्रीफिंग की और विभिन्न क्षेत्रों के पांच समझौता ज्ञापनों (एमओयू) और रणनीतिक सहयोग पर चर्चा से अपने दीर्घकालिक संबंधों को मजबूत किया। विदेश मंत्रालय के सचिव (आर्थिक संबंध) ने कहा कि केन्या ने भारत के साथ राष्ट्रीय मुद्रा में व्यापार करने में रुचि दिखाई है।

## लाल चौक पर क्या, कश्मीर की गली-गली में आज फहरता है तिरंगा: अनुराग




**नई दिल्ली**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर आरक्षण और पुनर्गठन संशोधन विधेयक पर लोकसभा में चर्चा के दौरान हस्तक्षेप करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर को लेकर नेहरू की गलतियों के कारण जो भूल हुई थी, उसे मोदी सरकार ने भारत की संसद में सुधारा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार ने अनुच्छेद 370 35 ए को हटाया और जब कोरोना का समय था उस समय भी डीडीसी के चुनाव किसी ने जम्मू कश्मीर में करवाएं तो यह नरेन्द्र मोदी जी की सरकार की प्रतिबद्धता थी और सफल चुनाव हुए। अगर पंचायती राज के नुमाइंदो की बात करें न केवल चुने गए प्रधानमंत्री जी उनसे स्वयं मिले भी और यह सुनिश्चित भी किया कि कश्मीर के गांव गांव तक विकास भी कैसे हो। उन्होंने कहा कि महाराजा हरि सिंह का ही नाम भूल गए जिन्होंने विलय पर साइन किया था। क्या उनका उसमें कोई योगदान नहीं होगा ?

## तेलंगाना: रेवंत रेड्डी की होगी 'ताजपोशी'




**तेलंगाना**

**चार राज्यों** में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। कांग्रेस ने 64 सीटों पर जीत हासिल की थी, वहीं बीआरएस ने 39 सीटों पर जीत हासिल कर सकी थी। आठ सीटों पर भाजपा और छह सीटों पर एआईएमआईएम ने जीत दर्ज की थी। एक सीट पर भाकपा ने जीत हासिल की थी। राज्य की 119 सीटों वाली विधानसभा के लिए 30 नवंबर को मतदान हुआ था। इस बीच तेलंगाना के नए मुख्यमंत्री के नाम का एलान कर दिया गया है। कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष ने तेलंगाना विधायक दल के नए सीएलपी के रूप में रेवंत रेड्डी के नाम पर मुहर लगाई है। वे ही राज्य के नए मुख्यमंत्री होंगे। तेलंगाना के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह 7 दिसंबर को सुबह 11 बजे होगा।

**कौन हैं रेवंत रेड्डी?**

वर्तमान में रेवंत रेड्डी तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष के पद पर हैं। उनका जन्म 8 नवंबर 1967 को अविभाजित आंध्र प्रदेश में नगरकुर्नूल के कोंडारेड्डी पल्ली नामक स्थान पर हुआ था। रेवंत के पिता का नाम अनुमुला नरसिम्हा रेड्डी और माता का नाम अनुमुला रामचंद्रम्मा है। उन्होंने हैदराबाद में ए.वी. कॉलेज (ओस्मानिया विश्विद्यालय) से फाइन आर्ट्स में ग्रेजुएशन की पढ़ाई की। इसके बाद रेवंत ने एक प्रिंटिंग प्रेस की शुरूआत की।

7 मई 1992 को रेवंत ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री जयपाल रेड्डी की भतीजी अनुमुला गीता से शादी कर ली। हालांकि, शुरूआत में करियर के चुनाव की वजह से परिवार वाले इस रिश्ते के खिलाफ हो गए थे। बाद में परिवार वाले माने और उन्होंने गीता के साथ वैवाहिक रिश्ते की शुरूआत की। उनकी एक बेटी है, जिसका नाम न्यामिषा है।

## इस साल रिकॉर्ड 12 लाख भारतीय यात्रियों ने किया उमरा



**नई दिल्ली**

भारत और सऊदी अरब ने हज और उमरा यात्रियों के लिए सुगम और सुविधाजनक व्यवस्था बनाने पर बल दिया है। सऊदी अरब के हज और उमरा मंत्री डॉ तौफीक बिन फौजान अल राबियाह भारत की सरकारी यात्रा पर हैं। आज उन्होंने विदेश मंत्रालय में केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी और केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। सऊदी अरब के हज और उमरा मंत्री ने कहा है कि इस वर्ष भारत से उमरा पर जाने वाली यात्रियों की संख्या में रिकार्ड वृद्धि हुई है। वर्ष 2023 में 12 लाख से अधिक यात्रियों ने अब तक उमरा के लिए सऊदी अरब की यात्रा की है। उन्होंने बताया कि भारतीय उमरा यात्रियों को उमरा के वीजा में आसानी पैदा करने के लिए मुंबई सहित तीन स्थानों पर वीजा केंद्र स्थापित करने की योजना पर कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि उमरा का वीजा 90 दिनों के लिए दिया जाता है। इसके अलावा अराइवल इन वीजा की भी व्यवस्था की गई है। सऊदी अरब सहित खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीयों को उमरा के लिए आसानी से वीजा उपलब्ध कराया जाता है। सऊदी अरब के जरिए उमरा वीजा 48 घंटे के अंदर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि उमरा यात्रा को सुगम और सुखद बनाने के लिए हर मुमकिन कोशिश की जा रही है। भारतीय यात्रियों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए किफायती एयरलाइंस की व्यवस्था भी की जा रही है। फिलहाल भारतीय हज यात्रियों को उमरा के लिए जाने के लिए सऊदी एयरलाइंस और अन्य दूसरी एयरलाइंस की सेवाएं दैनिक तौर पर उपलब्ध है।

## सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू में नए हाई कोर्ट परिसर के निर्माण का विवरण मांगा

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट ने** केंद्र सरकार से जानना चाहा कि जम्मू में नये हाई कोर्ट परिसर के निर्माण की दिशा में क्या प्रगति हुई है। 28 जून को, चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने जम्मू में हाई कोर्ट के नए परिसर की आधारशिला रखी थी। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की पीठ ने जम्मू और श्रीनगर में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) पीठों में रिक्तियों और वहां लंबित मामलों को उजागर करने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी ने पीठ के समक्ष एक अद्यतन नोट रखा, जिसमें दोनों शहरों में कैट पीठों में रिक्तियों और लंबित मामलों के संबंध में स्थिति का संकेत दिया गया। ट्रिब्यूनल के लिए बुनियादी ढांचे के मुद्दे पर, भाटी ने कहा कि राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील के पास कुछ निर्देश हो सकते हैं। राज्य के वकील ने कहा कि जहां तक श्रीनगर का संबंध है, कुछ प्रगति हुई है लेकिन जम्मू में भूमि की पहचान एक मुद्दा है। भाटी ने पीठ को बताया कि मुझे निर्देश है कि अब एक समझौता है कि एक बार मौजूदा उच्च न्यायालय भवन खाली हो जाने के बाद, ट्रिब्यूनल, जम्मू पीठ वहां स्थानांतरित हो जाएगी।

## सांस लेना मुश्किल: एक हफ्ते बाद खराब श्रेणी में दिल्ली की हवा

**नई दिल्ली**

**दिल्ली-एनसीआर** में मंगलवार को 12 किमी प्रतिघंटे की गति से चली हल्की हवा और खिली धूप से हवा में सुधार हुआ। सोमवार के मुकाबले मंगलवार को प्रदूषण का स्तर 13 अंक घटकर 297 सूचकांक पर आ गया, जो खराब श्रेणी है। एक सप्ताह बाद दिल्ली का प्रदूषण सूचकांक खराब श्रेणी में आया है। इससे पहले 29 नवंबर को प्रदूषण का स्तर घटकर 290 पर आया था। पूरे एनसीआर की बात करें तो गाजियाबाद का प्रदूषण का स्तर 192 संतोषजनक दर्ज किया गया, जबकि एक्यूआई फरीदाबाद में 212, ग्रेटर नोएडा में 274, गुरुग्राम में 248 और नोएडा में 235 रहा। भारतीय उष्ण कटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के मुताबिक, मंगलवार को दिन के समय दिल्ली में मुख्य सतही हवा 6 से 12 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम दिशाओं से चली।

## '17 दिसंबर को होगी विपक्षी गठबंधन की बैठक, सभी आएंगे'



**पटना**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार के खिलाफ एकजुटता दिखाने का प्रयास अब 17 दिसंबर को किया जाएगा। पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, फिर यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ जब इस विपक्षी एकता के सूत्रधार नीतीश कुमार ने कांग्रेस की ओर से मुकर्रर तारीख छह दिसंबर को लेकर दूरी बना ली तो बैठक रद्द करनी पड़ी। अब राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव एक बार फिर सामने आए और उन्होंने ममता बनर्जी की नाराजगी के सवाल पर सीधे-सीधे जानकारी दी- "17 दिसंबर को है। 17 को बैठक होगी। सब रहेंगे।" राजद सुप्रीमो के "सब रहेंगे" वाले बयान के बाद स्पष्ट हो गया कि इंडी एलांयस की बैठक में सीएम नीतीश कुमार भी रहेंगे। और, ममता बनर्जी भी शामिल होंगी।

**प्रमुख नेताओं के न आ पाने के चलते बैठक रद्द हुई थी**

बता दें कि तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी से हार मिलने के बाद कांग्रेस ने दिल्ली में इंडी एलायंस की बैठक कांग्रेस ने घोषणा की थी। तृणमूल प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसकी जानकारी से इनकार कर दिया। समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश में कांग्रेसी प्रत्याशियों को कई जगह परेशान करने के बाद इंडी एलायंस की बैठक से दूरी बना ली थी। छह दिसंबर को होने वाली बैठक टल गई है। बताया गया है कि गठबंधन की कुछ पार्टियों के प्रमुख नेताओं के बैठक में न आ पाने के चलते बैठक को फिलहाल स्थगित करने का फैसला किया गया। इसके बाद मंगलवार शाम को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद 17 दिसंबर को इंडी एलायंस की बैठक होने की बात की। सूत्रों का कहना है कि इंडी एलायंस की बैठक मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर इस गठबंधन के प्रमुख नेताओं की औपचारिक समन्वय बैठक होगी।

**मंत्री ने बताई थी नीतीश के मन की बात**

हमेशा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास दिखने वाले बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा- "हर चुनाव, चाहे वह एक प्रदेश में हो या अनेक राज्यों में, कुछ स्पष्ट संदेश देता है। पांच राज्यों में से चार राज्यों से स्पष्ट संदेश दिख रहा है कि इंडी एलायंस के सभी घटक दलों को ज्यादा समझदारी से काम करना होगा। इस चुनाव मे भी इंडी एलायंस एकजुट होकर चुनाव नही लड़ा था। हमलोग शुरू से कहते हैं कि आपस की समझदारी बननी चाहिए। सारे विपक्षी दल एकजुट हो जाते हैं तो भाजपा परास्त हो जाती। एकजुट नहीं होने पर भाजपा परास्त नहीं होती है।

# भडेवरा गांव में वित्तीय अनियमितता की शिकायत को लेकर जिला टीम ने खगाली हकीकत

**ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से वित्तीय हेरा-फेरी करने का प्रधान पर लगाया था आरोप**

अखंड भारत संदेश

**करछना।** विकासखंड करछना के ग्राम पंचायत भडेव्रा में ग्राम सभा की ओर से कराए गए 15वां वित्त एवं पंचम वित्त की शिकायत का का निरीक्षण करने के लिए जिले की एक टीम मंगलवार को गांव पहुंची। और गांव में कराए गए विकास कार्यों का सघन निरीक्षण किया गया । और गांव वासियों के बयान भी दर्ज किए गए। साथ ही साथ जांच टीम के समक्ष गांव वासियों की ओर से संबंधित ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के प्रति भड़ास भी निकाली गई । गौरतलब है कि भडेवरा गांव निवासी हाईकोर्ट के अधिवक्ता अमरनाथ विश्वकर्मा की ओर से ग्राम पंचायत भडेवरा में ग्राम प्रधान द्वारा 15वां वित्त एवं पंचम वित्त के पैसे के दुरुपयोग करने के संबंध में एक लगाय 13 बिंदु तक 15 नवंबर को जिलाधिकारी को एक लिखित शिकायती पत्र सौपा गया था।



जिसमें यह दशार्या गया था कि गांव में कराए गए शिव शंकर पांडेय के रीबोर का भुगतान दुबारा करा लिया गया है। वही गांव के ही बुधराम, रमाशंकर, विवेक कुमार व बुद्धू कोरी के हैंडपंप का रीबोर नहीं कराया गया और रीबोर का भुगतान करा लिया गया है। वही गांव के कुछ लोगों के यहा रीबोर करा दिए गए हैं। जबकि उनके यहां हैंडपंप ही नहीं है। और समर सेबल डालकर उपयोग कर रहे हैं। साथ ही साथ दवा छिड़काव का भुगतान व ग्रामीण स्वच्छता नारा लिखाई का भुगतान भी करा लिया गया है। जबकि ऐसा कुछ गांव में नहीं कराया गया है । इसके अलावा ह्यूम पाईप के खरीद का भुगतान भी करा लिया गया है । जबकि पाइप गांव में नहीं लगाई गई है। इस बाबत जिला अधिकारी की ओर से गठित टीम मंगलवार को गांव पहुंची। जिसमें नोडल अधिकारी के रूप में जल निगम के सहायक अभियंता श्याम कुमार व ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के जेई जग नारायण ने बताया कि गांव के अमरनाथ विश्वकर्मा की ओर से जिलाधिकारी से 1 से 13 बिंदुओं की शिकायत पर सघन जांच की गई। जिसकी रिपोर्ट बनाकर जिलाधिकारी को दो दिन के अंदर प्रेषित की जायेगी । इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजमणि विश्वकर्मा, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी राम सकल, चोलाराम मिश्र, प्रभाकांत मिश्र, राम मनोहर लोहिया, राम बल्लभ मिश्र, सुशील कुमार शुक्ल, उमाकांत पांडेय, विमल कुमार शर्मा, गंगेश्वर मिश्र, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, शिकायतकर्ता अमरनाथ विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## स्टाफ नर्स यूनानी भर्ती के लिए आवेदन शुरू

**प्रयागराज।** स्टाफ नर्स यूनानी (पुरुष/महिला) परीक्षा-2023 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो रहा है। आयोग सोमवार को भर्ती का विस्तृत विज्ञान वेबसाइट पर जारी करेगा। पहली बार उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से इन पदों पर भर्ती होने जा रही है।

### 27 पदों में महिलाओं के लिए 25 पद शामिल

लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि स्टाफ नर्स यूनानी के कुल 27 पदों पर भर्ती होनी है। इनमें स्टाफ नर्स यूनानी (पुरुष) के 2 पद और स्टाफ नर्स यूनानी (महिला) के 25 पद शामिल हैं। आयोग द्वारा जारी शिड्यूल के मुताबिक इन पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अंतिम तिथि 1 जनवरी 2024 है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 जनवरी 2024 निर्धारित की गई है। आवेदन के लिए न्यूनतम आयु सीमा 1 जुलाई 2023 को न्यूनतम 21 वर्ष और अधिकतम 40 वर्ष रखी गई है। इस भर्ती के विस्तृत विज्ञापन में आवेदन की प्रक्रिया, शुल्क जमा करने की प्रक्रिया, जाति प्रमाण पत्रों का प्रोफार्मा, प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा के विषय और पाठ्यक्रम, परीक्षा केंद्रों के जिलों के नाम आदि का विस्तृत ब्यौरा रहेगा। विस्तृत जानकारी के लिए आयोग की वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

# महावीर कैलाश महाविद्यालय में परीक्षा के सातवें दिन नकल माफियाओं का बोलबाला

अखंड भारत संदेश

**मांडा क्षेत्र के महाविद्यालयो में सामूहिक नकल के साथ प्रबन्ध तंत्र बेखौफ**

**मांडा।** प्रो राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया राज्य विश्वविद्यालय की मंगलवार से शुरू हो गई है। वहीं मांडा क्षेत्र अंतर्गत कोरांव मुख्य मार्ग पर स्थित महावीर कैलाश महाविद्यालय कोसड़ा कला में मंगलवार को परीक्षा प्रारम्भ होने के चौथे दिन बीएससी, बीए के छात्रों को सामूहिक नकल के साथ दो- तीन मोबाइल फोन उड़कादल(बैच) ने रंगे हाथ पकड़ लिया। और घंटों समय तक महावीर कैलाश महाविद्यालय में बैठी रही। ऐसे ही बाबू फतेह बहादुर सिंह डिग्री कालेज में बैच पहुंचने पर छात्रों को सामूहिक नकल की नजारा देख घंटों समय तक बैठी रही। सूचना पर पास में स्थित पण्डित कृपा शंकर महाविद्यालय नहवाई में हड़कंप मचा रहा। महाविद्यालय के मान मनौव्वल पर मोबाइल फोन वापस कर लौट जाने के बाद महाविद्यालयो के प्रबन्धतन्त्र एवं अध्यापकों ने राहत की सांस ली। वहीं परीक्षा के सातवें दिन भी प्रबन्ध तंत्र के साथ नकल माफिया सक्रिय नजर आए। महाविद्यालय के प्रबन्ध तंत्र के मान मनौव्वल के बाद उड़कादलों (बैच) ने कुबूल कर परीक्षा केन्द्र को छोड़ दिया है। जिससे परीक्षा केन्द्र पर जमकर वसूली व नकल कराने में व्यस्त रहे। बता दें कि पण्डित रामा नन्द महाविद्यालय व आरबीएस महाविद्यालय मेजा के छात्रों का परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। तथा महावीर कैलाश महा विद्यालय के छात्र छात्राओं की परीक्षा सेल्फ हैं। ऐसे ही बाबू फतेह बहादुर सिंह डिग्री कालेजों के छात्र छात्राओं की परीक्षा कराने के लिए विश्वविद्यालय ने हरी झंडी दे दिया हैं। वहीं प्रबन्धतन्त्र की मनमानी रवैए से उड़कादल नकमस्तक होकर लौट जाते हैं।



# जनकल्याणकारी योजना व वोटर चेतना पर भाजपा कार्यकताओं की हुई बैठक

**सहसों।** जनता पार्टी मण्डल सहसों के कार्यकताओं की एक बैठक सुखदेव सिंह महाविद्यालय कसेरुआ कला में मंडल अध्यक्ष अनिल सरोज की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार कविता पटेल ने कहा कार्यकताओं की मेहनत और लगन के कारण ही पार्टी आज पूरे देश में अपना परचम लहरा रही है तथा तीन राज्यों में प्रचंड बहुमत प्राप्त हुआ। कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाता बनाने के साथ सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। तथा जिला अध्यक्ष ने आगामी संगठन के कार्यक्रमों के विषय में भी जानकारी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को प्रदान की। बैठक में मण्डल के पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र संयोजकों को संबोधित करते हुए चुनावी दृष्टिकोण से विस्तारक ऋषभ महाजन द्वारा परिचयात्मक जानकारी ली गई। बैठक का संचालन महामंत्री पवन कुमार शुक्ला ने किया। इस मौके पर राजधर दूबे, किरण त्रिवेदी, प्रभाकर दुबे, महामंत्री संजय सिंह, महेश सिंह, राजेश सरोज, नरेंद्र कुशवाहा, सूर्यमणि पांडे, विमल मिश्रा, विमल कुमार सिंह, लक्ष्मीकांत पांडे, प्रसिद्ध नारायण पांडे, जय प्रकाश दुबे, रमन सिंह, शिव शंकर दुबे, सुभाष शुक्ला, राजमणि शुक्ला एवं राकेश विश्वकर्मा सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वृद्ध किसान को रात में मारी गोली, अस्पताल में भर्ती

**कोरांव।** थाना कोरांव अंतर्गत ग्राम देवघाट मोड़ पर स्थित दया शंकर विश्वकर्मा को आधी रात करीब बारह बजे घर में सोते समय गोली मार दी गई। दो फायर हुए थे जिसमें उन्हें दोनों गोली लगी है। परिजनों ने रात में ही एंबुलेंस के जरिए सीएचसी कोरांव ले गए जहां डाक्टरों ने उन्हें एस आर एन प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। वहीं उनका उपचार हो रहा है। थानाध्यक्ष कोराव विनोद कुमार सुबह घटनास्थल पर पहुंचे। और जांच पड़ताल में लगे दिखे। किंतु परिजनों ने रात में थाने के बजाय उपचार के लिए अस्पताल ले जाना उचित समझा। मुकद्दमा पुलिस ने धारा 307 आईपीसी में अज्ञात में दर्ज हुआ है। उक्त जानकारी परिजनों ने दी थी। किंतु पुलिस की शक की सुई अन्यत्र के बजाय घर परिवार भूमि संबंधी मामलों के इर्द गिर्द घूम रही है। पुलिस जल्द ही इस घटना में तह तक पहुंच सकती है। उक्त घटना को ले कर तरह तरह की चचाएं हो रही हैं। घायल विश्वकर्मा की मात्र एक बेटी है जो शादी शुदा है। लड़के नहीं है। किंतु वे अपने छोटे भाई शिव शंकर विश्वकर्मा के साथ संयुक्त रूप से रहते हैं। फिलहाल दया शंकर से इस प्रेस प्रतिनिधि और पुलिस ने असपताल में जानकारी ली कि गोली किसने मारी या कौन मार सकता है। तो उन्होंने उत्तर दिया कि हमने किसी को नहीं देखा और न ही किसी का नाम ले सकता हूं। और न ही मेरी किसी से रंजिश है। वैसे तो भूमि के विवाद चल रहे हैं। किंतु सक नहीं है।

**पुलिस हमलावरों की छान बीन में लगी**



# शंकर ने खुद लिखी है श्रीराम की कहानी भजन पर झूमे श्रोता

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के अभिमन्यु शाखा पार्क में भव्य श्रीराम कथा का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। श्रीराम कथा के मुख्य कथावाचक आचार्य शांतनु जी महाराज रहे। पहले दिन कथा वाचक आचार्य शांतनु जी महाराज ने कथा बार बार क्यों सुनना, बड़े बड़े खर्चे क्यों। क्यों लोग काम धाम जल्द निपटाकर कथा में पहुंचते हैं, क्यों सुने कथा, कथा की प्रासंगिकता क्या है, इस पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हम सब भाग्यशाली हैं कि इस काल में हम कथा गाने जा रहे हैं जब 500 वर्ष के लंबे संघर्ष के बाद अयोध्या में भव्य मंदिर में भगवान राम विराजमान होने जा रहे हैं। इसलिए यह राम कथा नहीं रामोत्सव है। गोस्वामी तुलसी दास ने खूब राम नाम की महिमा गाई। उन्होंने कहा कि श्रीराम चरित्र मानस के कथा श्रवण से मानव जीवन में मोक्ष प्राप्ति में सफलता मिलती है। इस सफलता के लिए श्रीराम चरित्र और मानस तीन सीढ़ियां हैं, जिसमें प्रथम सीढ़ी मानस कथा का श्रवण है। दूसरी सीढ़ी मनुष्य का चरित्र रुपी है, जो मनुष्य को अपने जीवन में सुन्दर चरित्र होने के लिए भगवान का भजन, पूजन एवं कथा श्रवण करना है और इसके बाद मनुष्य को तीसरी सीढ़ी श्रीराम के दर्शन हो पाते हैं। मनुष्य का जीवन सफल होता है। प्रवचन के दौरान ₹राम से बड़ा राम नाम₹, ₹एक बार त्रेता युग माही₹, ₹शंकर ने खुद लिखी है श्रीराम की कहानी₹ आदि भजनों पर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। पहले दिन कथा के यजमान सेवा भारती के अध्यक्ष सुजीत सिंह, गुरु प्रकाश राव एवं श्याम प्रताप सिंह सपत्नीक रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रभाशंकर पांडेय, ज्ञानेश्वर तिवारी, जितेंद्र शर्मा, गुड्डू मिश्रा, संकठा प्रसाद द्विवेदी, कुंवर परमात्मा सिंह, दिलीप केसरवानी सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।



नैनी के अभिमन्यु शाखा पार्क में शुरू हुई श्रीराम कथा

# निर्वाचन कार्य को शत प्रतिशत पूरा करने के लिए उपजिलाधिकारी ने दिया निर्देश

अखंड भारत संदेश

**करछना।** निवार्चन आयोग के निदेर्शानुसार जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया चल रही है इसको लेकर मंगलवार को करछना उप जिलाधिकारी ने यूनाइटेड कॉलेज नैनी के ऑडिटोरियम हाल में राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, आंगनबाड़ी, बीएलओ व कोटेदारों के बीच बैठक कर निर्वाचन कार्यों की समीक्षा किया। अभियान की हकीकत पर उन्होंने बीएलओ और सुपरवाइजरों की उपस्थिति का जायजा लिया वहीं निर्देशित किया गया कि तेजी से लोगों को जागरूक कर उनके नाम सूची में शामिल किया जाए। उन्होंने कार्य की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि निर्धारित समय तक लक्ष्य का शत-प्रतिशत कार्य हर हाल में पूरा किया जाए। मौके पर मतदाता सूची में नाम जोडने के लिए फार्म संख्या छह, किसी का नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए प्रपत्र संख्या सात व संशोधन हेतु प्रपत्र संख्या आठ फार्म को लेकर भी समीक्षा की गई। वहीं बैठक में उपस्थित सप्लाई इंस्पेक्टर करछना सुनील सिंह ने बैठक में मौजूद सभी राशन विक्रेताओं से कहा कि सभी विक्रेता निर्वाचन कार्य को शत प्रतिशत पुरा कराने में अपना पुर्ण सहयोग दे।






# फरार चल रहे अभियुक्त के घर पुलिस ने चस्पा की धारा 82 की नोटिस

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** फरार चल रहे अभियुक्त के घर थाना पुलिस कोरांव ने धारा 82 की नोटिस चस्पा करते हुए गांव में मुनादी कर दी है। ज्ञातव्य हो कि थाना कोरांव पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 171/23 धारा 392/411/34 भादंवि में 02 अभियुक्त को गिरफ्तार करके माननीय न्यायालय द्वारा न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। एक अभियुक्त विजय प्रजापति पुत्र शिव बहादुर प्रजापति निवासी ग्राम भौरहा थाना कोरांव जनपद प्रयागराज गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार लुक छिप कर रह रहा है। अभियुक्त विजय प्रजापति के विरुद्ध पूर्व में माननीय न्यायालय से एनबीडब्ल्यू जारी किया गया था। परंतु अभियुक्त विजय प्रजापति गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा है। तत्पश्चात अभियुक्त विजय प्रजापति के विरुद्ध पुनः माननीय न्यायालय से फरारी की उद्घोषणा अंतर्गत धारा 82 सीआरपीसी जारी किया गया। थाना कोराव के पुलिस बल द्वारा अभियुक्त के घर 82 सीआरपीसी की नोटिस को परिजनों के समक्ष चश्पा करके गांव में अभियुक्त के फरारी के संबंध में मुनादी कराई गई।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया आयोजन




**कोराव।** विधान सभा क्षेत्र कोरांव के ग्राम पंचायत खिवली कलां में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा भेजी गई वैन के द्वारा ग्रामीण जनों के साथ विकसित भारत की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। उक्त आयोजन में बीडीओ कोरांव धीरेंद्र सिंह यादव, एडीओ आई एस वी रामेश्वर सिंह, ग्राम विकास अधिकारी सत्येंद्र कुमार पाण्डेय, आनंद कुमार सिंह, विधायक पीआरओ रामाश्रय शुक्ल, बाबुआन द्विवेदी, संतरा देवी निषाद अनिल कुमार मिश्र, मुकेश कुमार पाण्डेय, जमुना प्रसाद मिश्र, रिंकू द्विवेदी ,रामराज पटेल, दीपक कुमार सिंह, प्रधान प्रतिनिधि संत प्रसाद सिंह, अखिलेश सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## छेड़खानी से ऊबकर छात्रा ने दर्ज कराया मुकदमा

**मऊआइमा।** नीट की तैयारी कर रही एक छात्रा को एक युवक आए दिन छेड़खानी करता रहता है ।छात्रा यूवक से ऊब कर मऊआइमा थाने में तहरीर देकर यूवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज.करा दिया है। ममऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासनीय एक छात्रा का आरोप है कि वह डाक्टर बनने के लिए नीट की तैयारी कर रही है। आरोप है कि गांव का एक युवक उसके साथ आए दिन छेड़खानी करता रहता है। छात्रा ने इसकी शिकायत युवक के परिजनों से की तो वह गालियां दे कर छात्रा को भगा दिए। छात्रा ने यूवक से ऊब कर मऊआइमा थाने में तहरीर देकर गांव के ही प्रभाकर कुमार पुत्र सुदामा प्रसाद के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## डिग्री कालेज में आज लगेगा रोजगार मेला

**शंकरगढ़।** राजा कमलाकर डिग्री कालेज, शंकरगढ़ में रोजगार मेले का आयोजन छह दिसंबर को किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सहायक निदेशक ने बताया कि कार्यालय के द्वारा राजा कमलाकर डिग्री कालेज में छह दिसंबर को सुबह दस बजे से मंडल स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले का उद्घाटन महापौर गणेश केसरवानी करेंगे। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों की निजी इकाइयां भाग ले रही हैं। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले 600 बेरोजगारों का चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा पास अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है।

## सड़क के किनारे खोदे गए गड्ढे, दुर्घटना की दे रहे दावत

**मांडा।** बघौरा मुख्य मार्ग गिरधरपुर में स्थित राजन केशरी व बिंदी केशरी के गल्ला गोदाम पर मैजिक से धान लाद कर जा रहे थे कि पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़क के किनारे बने गड्ढे में फंस गई। और धान से लदा मैजिक पलटने से चालक बाल- बाल बचा । हर घर जल योजना के तहत सड़क किनारे खोद कर पाइप बिछाने के बाद उस गड्ढे को ढक दिया गया लेकिन मिट्टी को दबाए न जाने से वाहन चालक उसी नाली में फस जा रहे हैं। यह नाली बड़ी दुर्घटना की चुनौती दे रही। जिससे राहगीरों एवं ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त हैं। उधर हल्की बारिश होते ही गिरधरपुर,बघौरा, भरथीपुर मुख्य मार्ग पर खोदे गए गड्ढे की मिट्टी फैलने से सड़क पर फीसल कर वही राहगीर चुटहिल हो रहे हैं।

# नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, हांथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** गहरपुर, खखैचा गांव में मुख्य यजमान त्रिलोकी नाथ दुबे, माधुरी देवी, त्रिशूली नाथ दुबे, कमला देवी के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में चौथे दिन मंगलवार को कथा वाचक आचार्य कुलगुरु देवेंद्र मणि त्रिपाठी ने संगीतमय कथा को आगे बढ़ाते गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्री राम अवतार व श्री कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग का सिलसिलेवार वर्णन कर श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।कथा प्रसंग में श्रीराम अवतार के साथ संक्षिप्त में राम कथा का वर्णन करते हुए महाराज ने कहा कि भगवान कभी जन्म नहीं लेते, अवतार धारण करते हैं, प्रकट होते हैं और प्रकट वहीं होते हैं जो पहले से विद्यमान हों भगवान तो कण कण में मौजूद रहते हैं। भगवान श्री कृष्ण व मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का धरा आगमन सच्चे अर्थों में मानवता की स्थापना के लिए हुआ था।इस अवसर पर महाराज ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव की बड़ी ही मनोरम कथा का बखान किया।टोकरी में भगवान श्री कृष्ण की झांकी एवं जन्मोत्सव देखकर कथा स्थल नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों गूंजायमान हो गया श्रद्धालु जमकर झूमें और फूलों की वर्षा किया अंत में आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।कथा के पश्चात आरती प्रसाद वितरण किया गया जिसमें शिवशंकर दुबे, त्रिभुवन नाथ दुबे, प्रमोद दुबे, मनोज दुबे, राहुल दुबे, दीपक दुबे, चेतन दुबे, आकाश, प्रदीप, संदीप, डॉ प्रवीण, प्रकाश, विकास, दिलीप, अनुराग, अनुपम, राज, आयुष, आर्यन, यश, कृष्णा, खुशहाल, रुद्र, ध्रुव, वंश, वीर, अद्वैत सहित तमाम लोग मौजूद रहे।मुंबई के सुप्रसिद्ध गायक कलाकार मुकेश त्रिपाठी एवं शक्ति सिंह सिंह की संगीतमय मनमोहक प्रस्तुति से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।



# इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के नौ दिग्गजों ने भाजपा की प्रचंड जीत पर मोदी और शाह को दी बधाई

## कहा जीत का श्रेय प्रदेश की जनता और पार्टी टीम प्रबंधन को जाता है

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** राजस्थान छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश के चुनाव में भाजपा की हुई प्रचंड जीत पर इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के पांच बड़े दिग्गज नेताओं ने अपनी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए देश के यशश्वी प्रधानमंत्री और गृहमंत्री अमित शाह का आभार जताते हुए बधाई दिया है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों राजस्थान मध्यप्रदेश और छत्तीस गढ़ में हुए विधान सभा चुनाव में भाजपा की बंपर जीत पर मेजा की पूर्व विधायक श्रीमती नीलम करवरिया ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि भाजपा की प्रचंड जीत का श्रेय पी एम मोदी और अमितशाह की युगल बंदी को जाता है। जनता ने मोदी के कुशल नेतृत्व जनमत दिया है। इसी क्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने भाजपा की प्रचंड जीत से पार्टी कार्यकताओं का उत्साह बढ़ा है। भाजपा ने सेमी फाइनल जीतकर फाइनल की राह आसान कर दिया है। उन्होंने इस जीत को मोदी सुपर ब्रांड बताया है।

भाजपा नेता एवं समाजसेवी डा संगम मिश्र ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जीत का संपूर्ण श्रेय प्रदेश की जनता और पार्टी टीम प्रबंधन को जाता है। पी एम मोदी की गारंटी पर जनता ने फिर विश्वास की मोहर लगाकर यह बात साबित कर दिया है। गिरिराज चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता प्रेम शंकर सिंह ने कहा कि भाजपा सेमी फाइनल में बाजी मारी है फाइनल में बंपर जीत दर्ज होना तय है। उन्होंने सभी समर्थकों को जीत की बधाई दिया है। रामचन्द्र शुक्ल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं समाजसेवी जय शंकर शुक्ल जय भईया ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि भाजपा की जीत सनातन परंपराओं और राष्ट्रीयता की बढ़ती सोच का नतीजा है। देश में मोदी मैजिक कायम है। पार्टी के वरिष्ठ नेता डा एल एस ओझा ने कहा सनातन को गाली देना कांग्रेस पर भारी पड़ा। प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्र ने भाजपा की प्रचंड जीत का श्रेय एम मोदी को दिया और कहा मोदी का जादू अब भी बरकरार है पार्टी ब्रांड मोदी का जनता में विश्वास बना हुआ है। भाजपा नेता एवं मानस प्रचारिणी समिति के अध्यक्ष नित्यानंद उपाध्याय ने कहा रविवार को चार राज्यों की मतगणना के परिणाम से पार्टी समर्थकों में भारी उत्साह है। उन्होंने जीत कि खुशियां मिठाई बांट कर साझा किया। सिरसा नगर पंचायत अध्यक्ष लखन केशरी ने कहा कि भाजपा की जीत एक ऐतिहासिक जीत है। पूरा कस्बा जश्न के माहौल में डूबा हुआ है।



श्रीमती नीलम नीलम करवरिया



योगेश शुक्ला



डॉ. संगम मिश्रा



प्रेम शंकर सिंह



जय भईया



डा. एल.एस. ओझा



गंगा प्रसाद मिश्र



नित्यानंद उपाध्याय



लखन केशरी

### नए यमुनापुल पर सड़क दुर्घटना में घायल आबकारी सिपाही की मौत

**नैनी।** नैनी नए यमुनापुल पर सोमवार को देर रात आबकारी का एक सिपाही डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मूलतः जगतगंज थाना चेतगंज जिला वाराणसी के रहने वाले शिव प्रसाद राणा (55) पुत्र भोड़ूराम मेजा सर्किल में आबकारी विभाग में मुरख्य आरक्षी के पद पर तैनात थे। वह अपनी पत्नी सरस्वती देवी एवं बेटे मयूरेश के साथ मम्फोर्डगंज में रहते थे। सोमवार देर रात वह नैनी से निमंत्रण से लौट थे। जैसे ही वह नए यमुना पुल के बीचोबीच पहुंचे डिवाइडर से टकरा गए। उन्हें एसआरएन में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान मंगलवार भोर उनकी मौत हो गई।

## इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में बवाल : हॉस्टल के छात्र आपस में भिड़े जमकर पथराव-बमबारी 100 पर एफआईआर

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** कर्नलगंज में रात एक बजे के करीब जीएन झा और एस एस एल हॉस्टल के छात्रों के बीच पहले पथराव हुआ। फिर बमबारी हुई। सूचना पर पुलिस पहुंची तो दोनों हॉस्टल के छात्र भाग निकले। मामले में अभी किसी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए बमबाजी और पथराव करने वालों की तलाश में जुट गई है। मामले में नाका चौकी प्रभारी की ओर से खुद तहरीर देकर लगभग 100 अज्ञात उपद्रवियों के खिलाफ बलवा बमबाजी समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई है। दोनों हॉस्टल आमने-सामने स्थित हैं। एसीपी राजेश यादव का कहना है कि प्रारंभिक जांच पड़ताल में यह बात सामने आई है कि दिन में छोले भटूरे की दुकान पर किसी बात को लेकर दोनों हॉस्टल के कुछ छात्रों के बीच विवाद हुआ था। रात में झगड़ा इसी बात को लेकर हुआ या कोई अन्य विवाद था। यह उपद्रव में शामिल लड़कों के पकड़े जाने के बाद ही बताया जा सकेगा।

## छात्रों को परीक्षा फार्म में त्रुटियों के संशोधन का दिया अंतिम मौका, स्कूलों से मांगा ब्योरा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा 2024 में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के शैक्षिक विवरणों में किसी भी प्रकार की त्रुटियों को ठीक करने का अंतिम मौका बोर्ड ने दिया है। बोर्ड ने सभी जिलों के डीआईओएस को निर्देश दिया है कि वह त्रुटियों को संशोधित करके उसे ऑफलाइन बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में उपलब्ध कराएं।यूपी बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी होने के बाद हर साल लाखों की संख्या में परीक्षार्थी अलग-अलग त्रुटियों को ठीक कराने के लिए बोर्ड का चक्कर लगाते हैं। अभी तक बोर्ड में इससे संबंधित 60 हजार से अधिक मामले अटके थे, जिनमें किसी ना किसी प्रकार की त्रुटि थी। इसको देखते हुए यूपी बोर्ड ने जून में विशेष अभियान चलाकर जिलों में कैंप लगाया और वहां पर इस प्रकार के मामलों को खत्म किया। ऐसे में यूपी बोर्ड इस बार कोई चूक नहीं करना चाहता है। जिससे परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद किसी भी प्रकार की त्रुटि रह जाए। इसको देखते हुए बोर्ड ने परीक्षार्थियों के शैक्षिक विवरणों जैसे नाम, माता-पिता का नाम, जन्मतिथि, जेंडर, जाति, फोटो और विषयों आदि में त्रुटियों के निराकरण का अंतिम मौका दिया है। पूर्व में भी बोर्ड ने मौका दिया था। लेकिन, कई विद्यालयों ने फिर मौका देने की मांग की थी। इसको देखते हुए बोर्ड सचिव ने त्रुटियों में सुधार की अनुमति दे दी।




### मेजा ब्लाक में महिला प्रधानों का सम्मान समारोह आज

**मेजा।** मेजा विकास खंड परिसर में बुधवार को अखिल भारतीय प्रधान संगठन के तत्वावधान में महिला प्रधानों का सम्मान बुधवार को किया जाएगा। उक्त एमसम्मान ब्लॉक प्रमुख मेजा गायत्री मिश्रा व खंड विकास अधिकारी सरिता सिंह करेंगी। बता दें कि पिछले दिनों क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रशिक्षण सरपंच संवाद नई दिल्ली में भाग लेने वाली महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। मेजा विकासखंड सहित जिले के कई गांवों की महिला प्रधानों का सम्मान दिल्ली में किया गया था। जिसके मद्देनजर मेजा विकासखंड परिसर में ब्लॉक प्रमुख द्वारा उक्त महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने दी है और सभी प्रधानों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### पुरानी पेंशन कर्मचारियों का अधिकार : राजेश तिवारी

**मेजा, प्रयागराज।** पुरानी पेंशन कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी है। सरकार को पुरानी पेंशन नीति बहाल करनी ही पड़ेगी। उक्त बातें संगठन बोरिंग टेक्नीशियन उत्तर प्रदेश अध्यक्ष राजेश पाल ने क्षेत्र के मेजारोड में संगठन के पदाधिकारी से मुलाकात के दौरान कहीं। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष ने साथियों संग कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली के लिए आगे की रणनीति पर चर्चा की। प्रेस वार्ता के क्रम में उन्होंने कहा कि पेंशन बहाली के लिए कर्मचारियों के तमाम संगठन एकजुट होकर हक पाने की लड़ाई में लगे हुए हैं। कहां की सरकार को पुरानी पेंशन बहाल करनी ही पड़ेगी। क्योंकि पेंशन ही कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी है। आगे उन्होंने कहा कि यदि सरकार पेंशन नीति पर अपनी हातधर्मिता नहीं छोड़ती है, तो प्रदेश के सभी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान उपस्थित रहे संगठन के प्रयागराज जिला मंत्री राजेश तिवारी ने कहा कि संगठन द्वारा विगत दिनों प्रयागराज सहित पूरे प्रदेश के ब्लॉकों में पेंशन बहाली के लिए मतदान प्रक्रिया भी कराई जा चुकी है। जिसमें सभी कर्मचारियों ने अपने अधिकार के पक्ष में मतदान कर सरकार को अपनी नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि पेंशन बहाली सभी कर्मचारियों का अधिकार है। इस दौरान संगठन के अशोक कुमार सिंह तथा रणबीर पाल सहित आदि उपस्थित रहे।



## हाईकोर्ट समाचार

### गजल होटल मामला : बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटे को बड़ी राहत, हाईकोर्ट ने जमानत अर्जी मंजूर की

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गजल होटल की भूमि के बैनामे के मामले में बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास को राहत दे दी है। कोर्ट ने जमानत मंजूर करते हुए निजी मुचलके और दो प्रतिभूतियों पर रिहा करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजबीर सिंह ने अब्बास अंसारी की जमानत अर्जी को स्वीकार करते हुए दिया है।अब्बास अंसारी पर मऊ के सदर कोतवाली क्षेत्र के महुआबाग में निर्मित गजल होटल की भूमि की खरीद-फरोख्त में धोखाधड़ी का आरोप है। मामले में अब्बास की मां अफशा अंसारी, भाई उमर अंसारी भी आरोपी हैं। जिला प्रशासन ने होटल का पहले ही ध्वस्तीकरण कर दिया है।अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने तर्क दिया था कि होटल के लिए जब भूमि का लेनदेन किया गया तो उस समय याची किशोर था। इसमें उसकी कोई गलती नहीं है। जिला प्रशासन ने सियासत की वजह से ऐसा किया। कोर्ट ने मामले में जिला प्रशासन से रिपोर्ट तलब की थी। तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए अब्बास की जमानत अर्जी मंजूर कर ली।

### ज्ञानवापी परिसर स्वामित्व विवाद मामले की हुई सुनवाई, 7 दिसंबर मिली अगली तारीख

**प्रयागराज।** ज्ञानवापी परिसर स्वामित्व विवाद मामले की मंगलवार को सुनवाई हुई। जिसमें प्लेसेस आफ वर्शिप एक्ट के तहत सिविल वाद की पोषणीयता पर बहस की गई। अब अगली सुनवाई के लिए 7 दिसंबर की तारीख नियत की गई है। वहीं ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यासजी के तहखाने को जिलाधिकारी की सुपुर्दगी में दिए जाने की मांग को लेकर दायर वाद में लंबी बहस हुई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद जिला जज ने आदेश के लिए 8 दिसंबर की तारीख नियत की है।

**व्यासजी के तहखाने को सुपुर्दगी में देने के मामले में आठ दिसंबर को अगली तारीख** : ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यासजी के तहखाने को जिलाधिकारी की सुपुर्दगी में दिए जाने की मांग को लेकर दायर वाद में पक्षकार बनने के लिए लार्ड विश्वेश्वर के वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी ने सोमवार को जिला जज की अदालत में लंबी बहस की। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश ने आदेश के लिए 8 दिसंबर की तारीख नियत की है। उन्होंने अदालत में दलील दी कि वादी शैलेंद्र पाठक और उनके भाई जैनेंद्र ने आठ जुलाई 2016 को ही ज्ञानवापी परिसर का हक व अधिकार काशी विश्वनाथ मंदिर के उप कार्यपालक अधिकारी को दिए जाने का पंजीकृत डीड कर दिया है।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट से अखिलेश यादव और जयंत चौधरी को बड़ी राहत, चार्जशीट पर रोक, दादरी थाने में हुआ था मुकदमा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और जयंत चौधरी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से मंगलवार को बड़ी राहत मिली। फरवरी 2022 में अखिलेश यादव समेत अन्य के खिलाफ नोएडा के दादरी थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। कोर्ट ने चार्जशीट और अपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी है। अखिलेश यादव समेत अन्य के खिलाफ बगैर अनुमति भारी भीड़ के साथ जुलूस निकालने का आरोप लगा था। आचार संहिता उल्लंघन और कोविड 19 के नियमों के उल्लघंन के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने जांच के बाद चार्जशीट दाखिल की थी।कोर्ट ने पुलिस चार्जशीट मामले पर संज्ञान लिया था। जिसके बाद अखिलेश यादव ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर चार्जशीट को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने अखिलेश यादव की याचिका पर सुनवाई करते हुए चार्जशीट और अपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी।

**आचार संहिता उल्लंघन का है मामला** : आचार संहिता के उल्लंघन मामले में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और जयंत चौधरी समेत 400 कार्यकताओं के खिलाफ दादरी में मुकदमा दर्ज हुआ था। अखिलेश-जयंत पर आरोप था उन्होंने अपने कार्यक्रम के दौरान चुनाव आचार संहिता का उल्लघंन किया था। नाइट कर्फ्यू में विजय यात्रा निकालकर आचार संहिता और कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने पर दादरी कोतवाली पुलिस ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी समेत 400 अन्य लोगों पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। नामजद किए गए लोगों में सपा-रालोद गठबंधन के दादरी विधानसभा प्रत्याशी राजकुमार भाटी और सपा जिलाध्यक्ष इंदर प्रधान समेत दस से अधिक नेता भी शामिल थे। वहीं विजय यात्रा के वीडियो की जांचकर शामिल लोगों की पहचान की गई थी। मामले में आईपीसी की धारा-188, 269, 270 और 3/4 महामारी एक्ट के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की गई थी।

## रिटायर्ड सैनिक के खाते से उड़ाए 4.90 लाख

### ट्रेन का टिकट निरस्त कराने के लिए गूगल पर सर्च कर निकाला था हेल्पलाइन नंबर, आ गए साइबर ठगों के झांसे में

**प्रयागराज।** रिटायर्ड सैनिक विपिन कुार चौधरी साइबर ठगों के झांसे में आ गए और खाते से 4.90 लाख रुपए साफ हो गए। उनकी गलती केवल यह थी उन्होंने ट्रेन का टिकट निरस्त कराने के लिए रेलवे का कस्टमर केयर नंबर गूगल पर सर्च किया था। ठग ने बोला- लिंक पर क्लिक करो टिकट निरस्त हो जाएगा। मूलरूप से भागलपुर बिहार के बाका जिले के रहने वाले विपिन ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ न्यू कैंट स्थित तोपखाने में रहते हैं। उन्होंने 29 नवंबर को प्रयागराज जंक्शन से पटना स्टेशन के लिए कंफर्म टिकट लिया था। अगले दिन उन्हें पटना निकलना था। एप पर जब ट्रेन की लोकेशन सर्च की तो पाया कि ट्रेन तो 12 घंटे विलंब से चल रही है। इसके बाद वह विपिन ने टिकट निरस्त करने के लिए एप पर गए। विकल्प खोजने लगे। जब विकल्प नहीं मिला तो गूगल पर सर्च किया। सर्च करने पर सबसे ऊपर विकल्प दिखा रहा था। उसपर क्लिक किया तो कस्टमर केयर का नंबर दिखा। उस नंबर पर बात की तो सामने वाले ने कहा कि मैं रेलवे कस्टमर केयर से बोल रहा हूं। बताइए आपकी क्या सेवा की जाए। विपिन ने कहा कि मुझे अपना टिकट कैंसिल कराना है। उसके टिकट का पीएनआर नंबर मांगा। नंबर देने के थोड़ी देर बाद उनके व्हाट्सएप पर एक लिंक आया। इसके बाद साइबर ठग ने कहा कि लिंक पर क्लिक कर दीजिए आपका टिकट कैंसिल हो ताएगा। विपिन ने जैसी ही लिंक पर क्लिक किया। उनके खाते से एक बार में ही 4.90 लाख क रुपये चले गए। हैरान-परेशान विपिन ने साइबर सेल में इसकी शिकायत की है। साइबर सेल इस मामले की जांच कर रही है।

## भारत में 30 लाख लोगों को कार्निया की जरूरत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** संगमनगरी प्रयागराज में तीन दिनों से उत्तर प्रदेश आप्थोल्मालॉजिकल सोसायटी का 57वां वार्षिक सम्मेलन संपन्न हुआ। रविवार देर शाम देश भर से आए चिकित्सकों को संगम का गंगाजल देकर विदा किया गया। तीन दिनों तक चलने वाले इस कांफ्रेंस में नेत्र संबंधित बीमारियों के अति आधुनिक तरीके से इलाज करने पर जोर दिया दिया गया।वाराणसी से आए डॉ. अभिषेक चंद्रा ने नेत्रदान को लेकर मुहिम चलाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, मौजूदा समय में देश में 30 लाख लोगों को कार्निया की जरूरत है जिसमें महज 10 लाख बच्चे ही हैं। हमें प्रतिवर्ष औसतन महज 50 हजार ही कार्निया नेत्रदान के जरिए मिल पाते हैं। इसके लिए समाज में जागरूकता लाने की जरूरत है।

**जटिल ऑपरेशनों पर विशेषज्ञों ने दिए टिप्स :** आखिरी दिन मुख्य अतिथि के रूप में देश के जाने-माने नेत्र विशेषज्ञ डॉ. केपीएस मलिक एवं विशिष्ट अतिथि नेत्र विशेषज्ञ डॉ. बीपी गुप्ता, डॉ. धर्मेंद्रनाथ एवं डॉ. शिल्पा तनेजा शामिल रहे। इन नेत्र विशेषज्ञों द्वारा मुख्य रूप से मोतियाबिंद के आधुनिक इलाज, पुतली की समस्याओं, आंख के पर्दे की बीमारी, आंख के सूखेपन के इलाज की नई-नई विधियों के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई।आयोजन अध्यक्ष मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह, व जाने माने नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एसपी सिंह ने गंभीर नेत्र रोगों विशेष रूप से मोतियाबिंद, पुतली के रोगों एवं बच्चों में होने वाली आंख के तिरछेपन की बीमारी के इलाज के बारे में आधुनिक उपलब्ध चिकित्सा पद्धति एवं तरीकों के बारे में लोगों को अवगत कराया।

**लेंस की बारीकियों को समझाया**

नई दिल्ली से आए डॉ. केपीएस मलिक ने नए प्रकार के इंट्राओकलर लेंसों के उपयोग पर फोकस किया। डॉ. शिल्पा तनेजा ने आंख के सूखेपन का इलाज, डॉ.धर्मेंद्र नाथ ने मोतियाबिंद ऑपरेशन में प्रत्यारोपित होने वाले विभिन्न प्रकार के लेंस ,डॉ. साहिबान सभरवाल ने ग्लूकोमा के इलाज, डॉ. टीपी लहाने ने जटिल प्रकार के मोतियाबिंद ऑपरेशन, डॉ. रागिनी पारीक ने विशेष विधि द्वारा मोतियाबिंद का ऑपरेशन, डॉ. वीपी गुप्ता ने आंख के कैंसर का ऑपरेशन एवं इलाज, डॉ. आरपी मौर्य ने पलक में होने वाले कैंसर के इलाज पर व्याख्यान दिया।




## ऋषभ मिश्रा ने बॉडी बिल्डिंग में जीता स्वर्ण पदक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज के पूरे महारथ के लाल ऋषभ मिश्रा दिल्ली में आयोजित एनबीबी आईसीयू बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर देश के साथ-साथ अपने गांव, तहसील और जिले का नाम रोशन किया है'दिल्ली में आयोजित इस प्रतियोगिता में विश्व के कई देशों के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें ऋषभ ने स्वर्ण पदक जीत कर भारत का पताका विश्व स्तर पर लहरा दिया। जिससे फूलपुर का नाम एक बार फिर से लोगों के जुबा पर दिखाई दे रहा है ' ऋषभ के इस बड़ी सफलता पाने के बाद से ही उनके गांव मोहल्ले और तहसील के साथ-साथ उनके रिश्तेदार उन्हें और उनके परिवार को देश का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दे रहे है।




### पिता के निधन के बाद से भाई-बहन की जिम्मेदारी

वर्ष 2019 से बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे ऋषभ मिश्रा राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीत चुके हैं' इसके पहले वह 2022 में मिस्टर नॉर्थ इंडिया रजत, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 2023 में बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में दो कांस्य पदक, 2022 में मुंबई में रजत पदक और 2021 में मुंबई व फ्लोरिडा में वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुके हैं 'मिली जानकारी अनुसार ऋषभ मिश्रा दो भाई व एक बहन में सबसे बड़े हैं' उनका छोटा भाई रितिक एलएलबी व बहन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है ' 2008 में उनकी मां का और 2022 में उनके पिता के निधन के बाद से ही भाई-बहन की जिम्मेदारी उनके ऊपर आ गया। लेकिन फिर भी उन्होंने कभी अपना हौसला कम नहीं होने दिया। बॉडी बिल्डिंग के क्षेत्र को चुना और पूरे लगन के साथ इस क्षेत्र में उन्होंने अपना पूरा समय दिया। जिसके परिणाम स्वरूप आज उन्होंने देश का सिर ऊंचा करने में ये मुकाम हासिल कर पाए।

## कॉन्ट्रैक्टर के सूने मकान में लाखों की चोरी

**झूंसी।** थाना क्षेत्र में एक ठेकेदार के सूने मकान का ताला तोड़ चोरो ने नगदी समेत लाखो के जेवरात समेट कर फरार हो गए। लौटने पर चोरी की जानकारी हुई तब मामले की सूचना पुलिस को दी। थरवई के रहने वाले ज्ञानेश शुक्ला कॉन्ट्रैक्टर है। वह तुलापुर कृष्णा सोसाइटी में अपना मकान बना कर रहते है। रविवार को वह घर मे ताला लगा कर परिवार के साथ प्रतापगढ़ रिस्तेदार के यहाँ तिलक में गए थे। चोरो ने गेट के अंदर घुस मेन गेट का ताला तोड़ पूरे घर को इत्मीनान से खगाला। ज्ञानेश सोमवार की रात घर आये तब घटना की जानकारी हुई। मामले की लिखित शिकायत करते हुए पीड़ित ने बताया कि 40 हजार नगद व लाखो के जेवरात चोरी हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# संविलियन विद्यालय मुरार पट्टी में दिव्यांगों को बांटा गया उपकरण

## उप जिलाधिकारी ने बच्चों को दिया आशीर्वाद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समग्र शिक्षा/समेकित शिक्षा के अंतर्गत एलिम्को कानपुर के सहयोग से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह के निर्देशन में जनपद प्रतापगढ़ के विकास खंड शिवगढ़ के संविलयन विद्यालय मुरार पट्टी में परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों हेतु उपस्कर/उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। उप जिलाधिकारी रानीगंज शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए प्रतिदिन विद्यालय जाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी के द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर के किया गया। उप जिलाधिकारी महोदय ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों एवं उनके अभिभावकों को संबोधित किया। पात्र बच्चों को उपकरण/उपस्कर वितरित कर अपने संबोधन में खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने दिव्यांगो के लिए चल रही योजनाओं के लिए एलिम्को और समेकित शिक्षा विभाग की सराहना की। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा ने आभार प्रगट किया। उपकरण वितरण कार्यक्रम में 03 ट्राइसाइकिल, 11 व्हील चेयर, 05 सी पी चेयर, 34 बैसाखी, 26 हियरिंग ऐड, 14 रोलेटर, 03 ब्रैल किट कुल 106 उपकरण का वितरण किया गया, जिसमे कुल 59 पात्र बच्चे लाभान्वित हुए। खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों को अनवरत शिक्षा से जुड़े रहने का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शालिनी मिश्रा ने सभी आगंतुकों का आभार जताया। इस मौके पर मंत्री विजय कुमार मिश्र द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष सत्य प्रकाश, प्रधानाध्यापक अरविंद मिश्रा एवम एलिम्को से आए निलय कुमार सिंह ऑडियोलॉजिस्ट, आदर्श द्विवेदी, हंजला इरशाद, अशोक कुमार टेक्नीशियन ने सामग्री का सत्यापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्पेशल एजुकेटर रामसूरत यादव, हिमांशु मिश्रा, मनीष कुमार पाठक, श्रीकांत पाण्डेय, सुप्रिया सिंह, दीपशिखा सिंह, संदीप, संगीता देवी, विद्या, पुष्पा पाण्डेय, अर्चना, सुमन, बृजेंद्र, सुनीता दूबे का विशेष योगदान रहा।



दिव्यांगों के बीच उप जिलाधिकारी रानीगंज शैलेन्द्र कुमार वर्मा।

# वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को सिंचाई के बारे में दी गई तकनीकी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-(माइक्रोइरीगेशन) योजना वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण को कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी प्रतापगढ़ के कैम्पस में आयोजित किया गया है जिसमें कृषकों को सिंचाई के बारे में वैज्ञानिकों द्वारा तकनीकी जानकारी प्रदान की गयी। जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा जनपद के आये हुए कृषकों तथा वैज्ञानिकों का अभिनन्दन करते हुए कार्यक्रम का शुरूआत किया गया।

गोष्ठी में डॉ0 अतुल कुमार यादव कुमारगंज विश्वविद्यालय अयोध्या ने लगातार गिरते जल स्तर को बनाये रखने के लिए ड्रिप एवं स्प्रिंकलर पद्धति अपनाने की सलाह दी। डॉ0 भाष्कर शुक्ला कृषि वैज्ञानिक के0वी0के0 कालाकांकर ने बागवानी फसलों में ड्रिप/स्प्रिंकलर पद्धति के महत्व पर चर्चा किया तथा डॉ0 अखिलेश कुमार श्रीवास्तव मुख्य वैज्ञानिक के0वी0के0 कालाकांकर प्रतापगढ़ ने रासायनिक खाद एवं उर्वरक का प्रयोग ड्रिप/स्प्रिंकलर पद्धति से करने की सलाह दी। अन्त में जिला उद्यान अधिकारी द्वारा विभाग में सचांलित समस्त योजनाओं पर प्रकाश डाला और लोगों से आहवान किया कि आप स्वंय के साथ अन्य लोगों को भी उद्यान विभाग की योजनाओं के बारे में बताये। कार्यक्रम का संचालन मो0 फाजिल उद्यान निरीक्षक द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुरेन्द्र कुमार योजना प्रभारी तथा विभाग के समस्त कर्मचारी मौजूद थे।

## छात्र/छात्राएं 31 दिसम्बर तक करें आनलाइन आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया है कि पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत (कक्षा 9-10) की कक्षाओं के छात्र/छात्रायें छात्रवृत्ति हेतु 10 नवम्बर 2023 तक आनलाइन आवेदन कर सकते है एवं आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी समस्त वांछित संलग्नकों सहित विद्यालयों में 20 नवम्बर तक जमा कर सकते है। इसी प्रकार दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्कप्रतिपूर्ति योजना के अन्तर्गत छात्रवृत्ति हेतु कक्षा 11-12 व उच्च शिक्षा के छात्र/छात्रायें 31 दिसम्बर 2023 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।



रेल मंत्री को ज्ञापन देते सांसद व नगर पालिकाध्यक्ष।

# प्रतापगढ़ व चिलबिला रेलवे स्टेशनों पर बनेगी स्वचलित सीढ़ियां

## इसी माह होगा नया माल गोदाम रोड पुल का शिलान्यास

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के सांसद संगम लाल गुप्ता रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन की स्वीकृति योजनाओं को पूर्ण कराने की मांग की। सांसद के साथ नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह भी थे।

बताया गया कि मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ व चिलबिला जंक्शन रेलवे स्टेशन पर स्वचलित सीढ़ी बनने का आश्वासन मिला है। इसके अलावा शहर के नया माल गोदाम रोड पर स्वीकृति रेलवे ओवरब्रिज का शीघ्र ही शिलान्यास होगा। हरिप्रताप सिंह ने बताया कि नया माल गोदाम रोड पर स्वीकृत रेलवे ओवरब्रिज का शिलान्यास रेल राज्य मंत्री इसी माह कर सकते हैं। सांसद संगम लाल गुप्ता इस सम्बन्ध में रेल राज्य मंत्री से भी मिलकर नया माल गोदाम रोड पर रेलवे ओवरब्रिज के शिलान्यास की तिथि निश्चित करेंगे। अनुमान है कि दस दिसम्बर को रेल राज्य मंत्री प्रतापगढ़ आ सकते हैं। बता दें कि इस पुल का शिलान्यास करने का रेल राज्य मंत्री का पहले भी प्रोग्राम आया था लेकिन ऐन मौके पर रेल दुर्घटना के कारण उनका प्रोग्राम निरस्त हो गया था। बता दें कि प्रतापगढ़ में स्वचलित सीढ़ियां पहले से स्वीकृत हैं लेकिन इन स्वीकृत योजनाओं का काम वर्षों से लम्बित हैं। अब लोकसभा चुनाव के पहले इन लम्बित रेल योजनाओं पर तेजी लाने का प्रयास किया जा रहा है।

## कलियुग में धर्म की उपासना कष्टों से मुक्ति का सुगम साधनः स्वामी इन्दिरा रमणाचार्य

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संत निवास परसन पाण्डेय का पुरवा सेनानी ग्राम देवली में चल रही श्रीमदभागवत कथा में कथाश्रवण को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मुख्य आयोजक धमार्चार्य ओमप्रकाश पाण्डेय अनिरूद्ध रामानुजदास एवं निर्मला पाण्डेय के द्वारा श्रीमदभागवत कथा से पूर्व कथाव्यास इन्दिरारमणाचार्य का सारस्वत सम्मान किया गया। कथाव्यास स्वामी इन्दिरारमणाचार्य महराज ने कथा प्रसंग में बताया कि कलियुग में धर्म की उपासना ही कष्ट से मुक्ति का एक मात्र साधन है। कथाव्यास ने कहा कि सत्संग से मनुष्य अपने जीवन को संवार सकता है। कथाव्यास ने कथा प्रसंग में सृष्टि की उत्पत्ति वराहवतार व रामावतार, श्रीकृष्णवतार सहित भगवान विष्णु के अलग अलग चैबीस अवतारों से जुड़ी कथाओं का वर्णन किया। उन्होनें कहा कि प्रभु की भक्ति ही एक ऐसा साधन है जो जीवन में सभी परेशानियों का समाधान कर देता है। इसके साथ ही भक्ति ही जीवन के बाद मोक्ष का मार्ग भी प्रशस्त करता है। इस मौके पर विजयशंकर पाण्डेय, रामसजीवन वर्मा, दिलीप शुक्ल, उपेन्द्र पाण्डेय, गोविन्द पाण्डेय, रवीन्द्र तिवारी, जयप्रकाश आदि मौजूद रहे।

# संविधान ने हमें मौलिक अधिकार प्रदान कियाः अपर जिला जज

## अधिवक्ता भवन में संविधान दिवस पर हुई संगोष्ठी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत में संविधान नागरिकों के लिये पवित्र ग्रंथ गीता और रामायण जैसा है। संविधान ने हमें मौलिक अधिकार प्रदान किया है, जिसमें शिक्षा, स्वतंत्रता,सामनता आदि का अधिकार प्राप्त हुआ है, जो गरिमापूर्ण जीवन जीने का भाव प्रकट करता है।

यह बातें मंगलवार को दीवानी न्यायालय परिसर स्थित अधिवक्ता भवन में अधिवक्ता परिषद अवध की ओर से आयोजित संविधान दिवस की संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज बरनवाल ने कहा। उन्होंने कहा कि देश के कामकाज में इसके महत्व को बरकरार रखा है। भारत का संविधान देश के सर्वोच्च कानून मौलिक राजनीतिक संहिता, संगठनात्मक संरचना, संचालन प्रक्रियाओ एवं सरकारी संस्थानों की जिम्मेदारियों के साथ साथ मौलिक अधिकारों मार्गदर्शक सिद्धांतो और नागरिकों के कर्तव्यों को परिभाषित किया। आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष महेश गुप्ता ने करते हुए परिषद के कार्यों एवं संविधान की विशेषताओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में परिषद के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि अपर जिला जज का सामूहिक रूप से स्वागत किया गया। इस मौके पर परिषद के प्रवक्ता शिवेश शुक्ल, महामंत्री मनोज, शिशिर शुक्ल, राम मिलन शुक्ल, अतुल सिंह, अशोक मिश्र, राघवेंद्र सिंह, अरविंद पांडेय, मृदुल गुप्ता, आशीष आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



अपर जिला जज को सम्मानित करते अधिवक्तागण।

## श्रवण बाधित बच्चों का करेक्टिव सर्जरी कराने के लिये जमा करें अभिलेख

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया है की दिव्यागंजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा संचालित योजना शल्य चिकित्सा/कॉक्लियर इंप्लांट/करेक्टिव सर्जरी कराने हेतु ऐसे श्रवण बाधित बच्चे जिनकी आयु 0 से 05 वर्ष हो उनके आधार कार्ड, 01 फोटो एवं समस्त अभिलेख के साथ उनके अभिभावक/माता-पिता जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी कार्यालय विकास भवन कमरा नंबर 25 में जमा कर सकते हैं।

# सेवानिवृत्ति पर महिला होमगार्ड को दी गई ससम्मान विदाई

## शाल, छाता, शिवपुराण, अंगवस्त्र देकर की गईं सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** होमगार्ड कार्यालय परिसर में महिला होमगार्ड उर्मिला शुक्ला के सेवानिवृत्ति होने पर कमान्डेंट धीरेन्द्र पाण्डेय की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर कमान्डेंट धीरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि उर्मिला शुक्ला ने अपने कार्यकाल में सदा विभागीय कर्तव्यो एवं अधिकारियों के आदेशों का पालन करते हुए अपनी ड्यूटी पूरी की, और कभी भी किसी को शिकायत का मौका नहीं दिया। इनका व इनके परिवार का संस्कार बहुत ही अच्छा है। इनकी भाषा-शैली बहुत ही अच्छी है, मनुष्य अपनी भाषा-शैली से ही सम्मान का पात्र होता है।

कमान्डेंट धीरेन्द्र पाण्डेय ने महिला होमगार्ड उर्मिला शुक्ला एवं उनके परिवार की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे कहा कि होमगार्ड विभाग आपका परिवार है, भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आवश्यकता पड़ती है तो आप अपने विभागीय परिवार में आकर निः संकोच विभाग की सहायता ले सकती हैं, आपकी पूरी तरह से सहायता की जायेगी। धीरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि जैसे बचपन में माता-पिता अपने बच्चों का पालन-पोषण एवं देखभाल करते हैं उसी प्रकार सेवानिवृत्ति होने पर बच्चों को भी ठीक उसी तरह से देखभाल करना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित ए डी सी संजय तिवारी, कम्पनी कमान्डर शैलेन्द्र शुक्ल, महिला पी सी सुशीला गुप्ता, पी सी निश्चल अलबेला, महिला लिपिक विमला तिवारी तथा अन्य समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने महिला होमगार्ड उर्मिला शुक्ला के विभागीय आचरण एवं सरल स्वभाव की सराहना की। अंत में वहां पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों व जन समूह का सेवानिवृत्ति महिला होमगार्ड उर्मिला शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



महिला होमगार्ड को सम्मानित करते अतिथि।



परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र।

# एमडीपीजी कालेज में सम्पन्न हुई विषम सेमेस्टर परीक्षाएं, 20 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रो0 राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं एमडीपीजी कॉलेज में सुचारू रूप से संपन्न हो रही हैं। प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देशन में महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर एवं परीक्षा कक्ष में आंतरिक सचल द्वारा परीक्षार्थियों की नियमित तलाशी भी ली जा रही है।

एमडीपीजी कॉलेज में आज कुल 793 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी एवं 20 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडेय ने बताया कि प्रथम पाली में कुल 538 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 525 ने परीक्षा दी और 13 अनुपस्थित रहे जबकि द्वितीय पाली में 275 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 268 परीक्षा में शामिल हुए और सात परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में आज बीए प्रथम सेमेस्टर पॉलिटिकल साइंस, बीए पंचम सेमेस्टर इकोनॉमिक्स, बीएससी पंचम सेमेस्टर मैथमेटिक्स, एमएससी प्रथम सेमेस्टर मैथमेटिक्स की परीक्षाएं हुईं। द्वितीय पाली में बीए तृतीय सेमेस्टर इकोनॉमिक्स, बीकॉम तृतीय सेमेस्टर एवं एमएससी तृतीय सेमेस्टर गणित की परीक्षाएं हुईं। महाविद्यालय के प्रो प्रदीप कुमार सिंह, प्रो अरविंद मिश्र, डॉ सी एन पांडेय, डॉ शैलेश पांडे, डॉ अनीश द्विवेदी सुचारू रूप से परीक्षा संपन्न कराने हेतु लगातार परीक्षा की निगरानी करते रहे।

## कार ने आटो में मारी टक्कर, महिला की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर देल्हूपुर थाना क्षेत्र के विश्वनाथगंज बाजार भारतीय स्टेट बैंक के सामने एक कार ने आटो में जोरदार टक्कर मार दी जिससे उस पर सवार एक महिला की मौत हो गई। बताया जाता है कि बैंक के सामने खड़ी बलेनो कार विपरीत दिशा में मोड़ने लगा तभी प्रतापगढ़ की ओर जा रही ऑटो में टक्कर हो गइै। कार की टक्कर से ऑटो हाईवे पर पलटने से एक महिला की मौके पर मौत हो गई तथा वहीं अन्य सवारी भी घायल हो गई। मृतक महिला असरीन बानो (42) पत्नी फरमूद निवासी सुलेमपुर छितपालगढ़ की बताई गई। मौके पर शनिदेव चौकी इंचार्ज उमाशंकर सिंह अपने हमराहियों के साथ पहुंचे और कार को कब्जे में लेकर देल्हूपुर थाना भेजवाए। राहगीर व शनिदेव चैकी पुलिस की मदद से घायलों को अस्पताल भेजा गया। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## मार्ग दुर्घटना में अधिवक्ता समेत तीन घायल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रायबरेली जिले के कोतवाली सलोन अन्तर्गत नेवरदीपुर करहिया निवासी सत्ताईस वर्षीय अमित कुमार पुत्र बब्बन तथा कामापुर सरैंया निवासी तीस वर्षीय नागेन्द्र सिंह उर्फ बलवंत सिंह नगर पंचायत लालगंज में सफाईकर्मी हैं। अमित सोमवार को मानिकपुर स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। इधर दूसरी बाइक से नागेन्द्र सिंह नगर पंचायत कार्यालय आ रहे थे। लालगंज कोतवाली के बेलहा स्थित पेट्रोल पम्प के पास दोनों बाइकों की टक्कर हो गयी। जिससे दोनों घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर भेजवाया गया। इधर तहसील अधिवक्ता व ढ़िगवस निवासी बासठ वर्षीय रवीन्द्र मिश्र सोमवार को पैदल घर से अपने खेत पर जा रहे थे। इसी बीच पीछे से आ रहे एक बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दिया। जिससे अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गये। जिला अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।

## एसपी ने कई उप निरीक्षकों का किया स्थानांतरण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा उ0नि0ना0पु0 का स्थानान्तरण तात्कालिक प्रभाव से किया है जिसमें उ0नि0 हरिनाथ सिंह पुलिस लाइन से थाना जेठवारा, उ0नि0 विनोद कुमार यादव पुलिस लाइन से थाना जेठवारा, उ0नि0 प्रकाश राय पुलिस लाइन से थाना पट्टी, उ0नि0 उदयभान यादव पुलिस लाइन से थाना कोतवाली नगर शामिल हैं।

# पुस्तकालय में ऑनलाइन डिजिटल लाइब्रेरी वाईफाई की व्यवस्था बेहतर होः डीएम

## कैम्प कार्यालय पर हुई जिला पुस्तकालय समिति की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव कुमार की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय के सभागार में जिला पुस्तकालय समिति की बैठक की गयी। बैठक में बताया गया की राजकीय जिला पुस्तकालय के वर्तमान समय में लगभग 340 स्थाई सदस्य हैं तथा प्रतिदिन लगभग 120 पाठक अध्ययन करने आते हैं।

पुस्तकालय में पाठको हेतु प्रतियोगात्मक, साहित्यिक, इतिहास, विज्ञान, भूगोल, कानून, कला, दर्शन, तकनीकी, धार्मिक, हिंदी, अंग्रेजी एवं अन्य विषयों से संबंधित लगभग 16 हजार पुस्तके उपलब्ध है जिसका वाचन पाठक पुस्तकालय में भी करते है तथा पुस्तको को एक महीने के लिए घर ले जाने के लिए भी निर्गत किया जाता है। पुस्तकालय में पाठकों हेतु मासिक पत्रिकाएं प्रतियोगिता दर्पण, क्रानिकल, सम-सामयिक घटना चक्र, सामान्य ज्ञान ,कुरुक्षेत्र, योजना ,अमर उजाला सफलता, करेन्ट अफेयर्स,चम्पक, गृह शोभा हैं तथा वार्षिक पत्रिकाओं में एस0एस0सी0 अंग्रेजी, एस0एस0सी ब्लैक बुक अंग्रेजी, एस0एस0सी0 रीजनिंग हिंदी आदि उपलब्ध है। पाठकों के पढ़ने हेतु वातानुकूलित हाल, शीलिंग फैन, प्रकाश एवं पर्याप्त मात्रा में फर्नीचर उपलब्ध है। पाठकों के लिए कंप्यूटर, इंटरनेट, वाई-फाई, फोटोकॉपी/स्कैनर मशीन की सेवा निशुल्क प्रदान की जा रही है। पाठकों के लिए आर0ओ0 का शुद्ध एवं शीतल पेयजल तथा बालक बालिकाओं हेतु अलग-अलग स्वच्छ शौचालय की सुविधा उपलब्ध है। पुस्तकों को ई-ग्रंथालय ऐप पर ऑनलाइन, ई-कैटलागिंग कराया जा रहा है, अभी तक 7 हजार के लगभग पुस्तकों को ऑनलाइन कराया जा चुका है। पुस्तकालय में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है जिसकी नजर में पाठको द्वारा पठन-पाठन कार्य किया जाता है।

राजकीय जिला पुस्तकालय में बाल-कक्ष स्थापित है, सर्दियों के मौसम में पाठकों को धूप में बैठकर वचन करने के लिए आदर्श वाटिका निर्मित है जो राजकीय जिला पुस्तकालय की सुंदरता को बढ़ाती है। पुस्तकालय में निर्बाध विद्युत हेतु सोलर सिस्टम स्थापित है, वर्तमान में पुस्तकालय में दो प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। राजकीय जिला पुस्तकालय में पाठको एवं स्टाफ के वाहनों को सुरक्षित रखने हेतु वाहन स्टैंड निर्मित है। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के इंटर कॉलेज तथा महाविद्यालय के छात्राओं को सदस्य बनाने हेतु विद्यालयों के प्रधानाचार्य से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में उपयोगी पुस्तकों की उपलब्धता हेतु शिक्षा विभाग के उच्च स्तर पर प्रयास किया जाए तथा प्रतापगढ़ के नगरवासियों व स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लिया जाए। उन्होंने कहा कि राजकीय पुस्तकालय का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए जिससे अधिक से अधिक व्यक्ति पुस्तकालय का लाभ उठा सके। उन्होंने पुस्तकालय से संबंधित होर्डिंग/ बोर्ड लगवाने के भी निर्देश दिए और कहा कि ऑनलाइन डिजिटल लाइब्रेरी की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए तथा पुस्तकालय में वाई-फाई की और अच्छी व्यवस्था करायी जाये जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र छात्राएं लाभ उठा सके। उन्होंने पुस्तकों के अच्छी तरह रखरखाव के भी निर्देश दिए।

उन्होंने पुस्तकालय में प्रतियोगी छात्रों के अध्ययन हेतु अलग से कक्ष निर्माण हेतु 15वें वित्त से धनराशि उपलब्ध कराने हेतु जिला पंचायत अध्यक्ष से अपेक्षा की। जिलाधिकारी ने पुस्तकालय में स्टाफ हेतु नए शौचालय के निर्माण का आश्वासन दिया। बैठक का संचालन राजकीय पुस्तकालय के प्रभारी नसरत अली ने किया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष माधुरी कुलदीप पटेल, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, युवा कल्याण अधिकारी के0 के0 सिंह, प्राचार्य विंध्याचल सिंह, आर0बी0 सिंह पूर्व सहायक सूचना आदि समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# मासूम बच्चे की हत्या में दंपत्ति सहित तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा

## दोषियों पर अदालत ने लगाया 45-45 हजार का अर्थदंड

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में दो वर्षों पूर्व मासूम बच्चे की हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए अदालत में दंपति सहित तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है में पारिवारिक क्लेश के चलते दो साल के मासूम को मारकर स्टील की टंकी में भरने वाले तीन आरोपियों को एडीजे कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई,कोर्ट ने तीनों आरोपियों पर 45-45 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव में 12 फरवरी 2021 को शिवा की हत्या कर दी गयी थी बच्चे की माँ पीड़िता रूमा देवी पत्नी ज्ञान सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि उसके जेठ राम सूरत,जेठानी राम रति और भतीजी निर्मला ने पारिवारिक क्लेश और खुन्नस के चलते इसके दो साल के मासूम बच्चे शिवा की हत्या कर दी और उसके शव को स्टील की टंकी में भरकर छिपा दिया,देर शाम तक जब शिवा घर वापस नहीं लौटा तो खोजबीन में उक्त आरोपियों के घर पर रखी स्टील की टंकी ने उसके मासूम बच्चे का शव मिला था।पीड़िता रूमा की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और आरोपियों को जेल भेज दिया था।मुकदमा न्यायालय में चला और मंगलवार को एडीजे अनुपम कुमार ने तीनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 45-45 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। जिला शासकीय अधिवक्ता सोमेश्वर तिवारी ने बताया कि 2021 में हुई उक्त घटना के संबंध में आठ गवाह पेश किए गए,गवाही के बयान के बाद एडीजे कोर्ट ने तीनों आरोपियों राम सूरत,राम रति और निर्मला को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है,वही तीनों पर 45-45 हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

# शराब की दुकानों के सेल्समैनों के हत्यारों को कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

## दोहरे हत्याकांड के दोषियों पर अदालत ने लगाया 36-36 हजार का अर्थदंड

**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना के सामने तीन साल पहले हुए दोहरे हत्याकांड में शराब की दुकानों के सेल्समैनों की हत्या करने वाले आरोपियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है,कोर्ट ने दोनो आरोपियों पर 36-36 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। दोहरे हत्याकांड के दोषियों को जेल भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना के ठीक सामने मात्र 100 मीटर की दूरी पर स्थित देशी शराब और अंग्रेजी शराब की दुकानों के सेल्समैनों की जुलाई 2020 में हत्या कर दी गई थी देशी शराब के सेल्समैन शिव प्रताप तिवारी और अंग्रेजी शराब के सेल्समैन राजेंद्र जायसवाल की हत्या आरोपियों ने मात्र उधारी नही देने पर कर दी थी,इस मामले में एडीजी सहित कई अन्य अधिकारी पहुंचे थे और पुलिस ने हत्या के आरोप में कोखराज गांव के ही गयादीन और रंजीत उर्फ रंगबाज को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था और जेल भेज दिया था। मामला एडीजे प्रथम की कोर्ट में चला और मामले में अपर जिला साशकीय अधिवक्ता अनिरुद्ध मिश्रा ने दस लोगो की गवाही कराई, गवाही के पश्चात एडीजे प्रथम राकेश कुमार ने दोनो आरोपियों को हत्या का दोषी करार दिया और दोनो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई,वही हत्या के दोनो दोषियों पर 36-36 हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

## न्यूज झरोखा

### नेशनल इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट ने मोटे अनाज की उपयोगिता का किया प्रचार प्रसार



**भरवारी कौशाम्बी** नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में दिनांक 05 दिसम्बर को अंतरराष्ट्रीय मोटे अनाज वर्ष 2023 के अंतर्गत भरवारी नगर पालिका में एनसीसी कैडेट्स एवं एनसीसी एएनओ और विद्यालय के समस्त अध्यापक गण ने रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया इस कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रबंधक रवि नारायण तिवारी तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीम अहमद द्वारा किया गया ' एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट पंकज कुमार द्वारा बताया गया कि मोटे अनाज जैसे बाजरा ,ज्वार, रागी आदि में प्रचुर मात्रा में प्रोटीन कार्बोहाइड्रेट आदि पौष्टिक जैव कार्बनिक पदार्थ पाए जाते हैं। मोटे अनाजों से शरीर को संतुलित भोजन प्राप्त होता है तथा शरीर में ऊर्जा बनी रहती है। कार्यक्रम का संचालन भूवनेश्वर तिवारी द्वारा किया गया। इस जन जागरूकता कार्यक्रम में फौज के सूबेदार बिशन सिंह थापा तथा विद्यालय के प्रवक्ता भरत लाल शर्मा एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

### कायस्थ पाठशाला के चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ने भरवारी में किया जनसंपर्क



**भरवारी कौशांबी।** एशिया की सबसे बड़ी ट्रस्ट कायस्थ पाठशाला प्रयागराज समाज की आगामी होने वाले चुनाव में अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी वा प्रयागराज के जाने माने प्रख्यात चिकित्सक द्वारिका अस्पताल के मालिक एवम निदेशक डॉ सुशील कुमार सिन्हा ने मंगलवार को कस्बा भरवारी में अपने बिरादरी समाज के यहां तूफानी जनसंपर्क किया साथ ही सैकड़ो वर्ष से अध्यक्ष पद पर विराजमान को वोट न देकर एक बार मुझ पर भरोसा जताते हुए मेरे पक्ष में मतदान कर भारी मतों से विजई बनाने का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर वरिष्ठ सहयोगी एवम कदम से कदम मिलाकर चलने वाले विपिन कुमार श्रीवास्तव उर्फ दादा योगेंद्र श्रीवास्तव विनोद श्रीवास्तव प्राचार्य डॉ प्रबोध कुमार श्रीवास्तव राम सनेही श्रीवास्तव सुशील कुमार श्रीवास्तव प्राचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव शैलेंद्र श्रीवास्तव दिनेश श्रीवास्तव रमेश श्रीवास्तव रोहिताश श्रीवास्तव सक्षम सक्सेना शौरब श्रीवास्तव शिवम श्रीवास्तव तथा पत्रकार राजू सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

### महेवा घाट पुलिस ने किया पैदल गस्त



**महेवाघाट कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशांबी के दिशा निर्देश अनुसार महेवा घाट थाना क्षेत्र मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र में पुलिस द्वारा पैदल गस्त किया गया और वाहन चेकिंग किया गया एवं प्रमुख चौराहों एवं व्यापारियों को सीसीटीवी कैमरा लगाने का दिशा निर्देश दिया गया इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह एवं थानाअध्यक्ष महेवाघाट चंद्रभूषण मौर्य ने भारी फोर्स के साथ पैदल गस्त किया गया उनके साथ एस आई विनोद कुमार यादव एसआई नंदू यादव एसआई शकील अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

### सरकारी पक्की नाली को तोड़कर दबंग उठा ले गया पक्की ईंट

**कौशाम्बी।** ब्लाक चायल के ग्राम पंचायत सिकन्दर पुर अइमा गांव के विनोद कुमार पुत्र महादेव के निजी नलकूप से जय नारायन के खेत तक मनरेगा के कार्य योजना के तहत सन 2008--09 में ग्राम प्रधान चम्पा देवी के कार्यकाल में लगभग 150 मीटर पक्की नाली का निर्माण कार्य कराया गया था। जिसमें सरकार की काफी धनराशि खर्च हुई थी। जिससे सार्वजनिक किसानों को खेत की सिंचाई करने के लिए एक आसान तरीका हो गया था। गांव के ही विनोद कुमार पुत्र महादेव ने सरकारी पक्की नाली को तोड़कर हजारों की पक्की ईंट अपने घर उठा ले गया है। सरकारी पक्की नाली के टूटने से गांव के लोगों में रोष व्याप्त है। जिसकी शिकायत गांव के ही सतीश कुमार पुत्र दूदी ने आई जी आरएस के माध्यम से पोर्टल पर किया। गांव के लोगों ने किसान यूनियन संघ के साथ तहसील का घेराव करने के लिए मन बना लिया है।

### 6 दर्जन एसआई सहित कई कांस्टेबल के कार्यक्षेत्र में पुलिस अधीक्षक ने किया परिवर्तन

**कौशाम्बी** जिले में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए सोमवार की देर रात एसपी बृजेश श्रीवास्तव ने विभिन्न थाना क्षेत्र और विभिन्न पटल पर तैनात 6 दर्जन एसआई सहित कई हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। सामान्य निर्वाचन लोकसभा-2024 के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना उ0प्र0 लखनऊ के समायोजन/ स्थानांतरण हेतु दिए गए निर्देश जिले में विभिन्न थाना क्षेत्रों एवम पटलो पर तैनात रहे पुलिस कर्मियों को प्रशासनिक व्यवस्था के कुशल संचालन के दृष्टिगत एसपी ने उनके तैनाती स्थलों में परिवर्तन किया है। एसपी ने सभी पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से संबंधित तैनाती स्थल पर ड्यूटी ज्वाइन करने का आदेश दिया है। पुलिस की सर्विलांस टीम ने 70 लोगो को सौंपे उनके खोए चोरी गए हुए मोबाइल कौशाम्बी एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर जिले की सर्विलांस की टीम ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी और गुम हुए 70 स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद किया है,सर्विलांस टीम ने लगभग 22 लाख कीमत के 70 मोबाइल बरामद किए है।।एसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता कर कई लोगो को उनके खोए हुए मोबाइल सौपे। अपने चोरी गए और खोए हुए मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल गए।अन्य सभी मोबाइल संबंधित थाना भेज दिए जायेंगे जहा लोगो को उनके मोबाइल सौप दिए जायेंगे।एसपी ने सर्विलांस प्रभारी सिद्धार्थ सिंह एवम उनकी टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

### 3 वर्ष से जमे सिपाहियों का नहीं हुआ स्थानांतरण

**हर्रायपुर कौशांबी।** संदीपन घाट थाना और पिपरी थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी में 3 वर्षों से अधिक समय से जमे सिपाहियों का स्थानांतरण इस बार भी पुलिस अधीक्षक के स्थानांतरण की सूची में छूट गया है लंबे समय से थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी में जमे सिपाहियों का क्षेत्र के लोगों से गहरे संबंध हो गए हैं। जहां आम जनता इन सिपाहियों से परेशान है वही संगठित अपराध में लिप्त लोग सिपाहियों के बल पर संगठित अपराध को बढ़ावा दे रहे हैं बार-बार स्थानांतरण सूची जारी होने के बाद तीन वर्षों से अधिक समय से जमे सिपाहियों का स्थानांतरण ना होने के पीछे कारण क्या है यह जांच का विषय है क्षेत्र के लोगों ने पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकर्षित करते हुए दोनों थाना की पुलिस चौकी में तीन वर्ष से अधिक समय से जमे सिपाहियों का स्थानांतरण किए जाने की मांग की है।



## मिड डे मील बनाते समय गैस सिलेंडर में लगी आग से स्कूल में मचा हड़कंप

### फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों ने बुझाई आग

**कौशाम्बी।** जिले में प्राथमिक स्कूल में बच्चों के लिए दोपहर का मिड डे मील बनाते समय गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई,गई सिलेंडर में लगी आग से स्कूल में हड़कंप मच गया,स्कूल में आग से अफरा तफरी मच गई,बच्चे आग देखकर इधर उधर भागने लगे,मौके पर पहुंचे लोगो ने गैस सिलेंडर को तुरंत रसोई से बाहर खेत की तरफ फेंक दिया और आग बुझाने में जुट गए,वही अध्यापक ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी,मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम और ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। सैनी कोतवाली क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नरसिंहपुर कछुआ में दोपहर में बच्चो के लिए मिड डे मील बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई,आग लगते ही रसोई के अंदर मौजूद रसोईया और सहायक ने शोर मचाया,शोर सुनकर स्कूल के अध्यापक और खेत में काम कर रहे लोग भी पहुंच गए,सिलेंडर में आग देखकर स्कूली बच्चो में अफरा तफरी मच गई।अध्यापक ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दे दी,सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

# जनपदवासियों को मिलेगी और बेहतर चिकित्सीय सुविधा : डीएम

### जिलाधिकरी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ने नव-नियुक्त सह-आचार्य एवं सहायक आचार्य को नियुक्त-पत्र किया वितरित



**कौशाम्बी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लोकभवन, लखनऊ में आयोजित समारोह में 278 सहायक आचार्य, 2142 स्टॉफ नर्स एवं 48 आयुष चिकित्सा शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसका सजीव प्रसारण उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में किया गया तथा उपस्थित लोंगों ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य द्वारा उदयन सभागार में चिकित्सा शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन मेडिकल कॉलेज में नव-नियुक्त संकाय सदस्य (सह-आचार्य/ सहायक आचार्य) को नियुक्ति-पत्र वितरित किया। शासन द्वारा मेडिकल कॉलेज कौशाम्बी के लिए 11 सहायक आचार्य यथा-डॉ0 सचिन, डॉ0 प्रखर जायसवाल, डॉ0 शैलजा मौर्य, डॉ0 अंकित कुमार तिवारी, डॉ0 दीक्षा सिंह, डॉ0 अरविन्द सिंह, डॉ0 गनेश सिंह, डॉ0 पंकज कुमार तिवारी, डॉ0 अभिषेक शुक्ला, डॉ0 विशाखा दीक्षित एवं डॉ0 अभिनव सिंह तथा 03 सह-आचार्य-डॉ0 पूनम रानी, डॉ0 राकेश कुमार शुक्ला एवं डॉ0 अरिन्दम चक्रवर्ती को नियुक्त किया गया है। नव-नियुक्त सह-आचार्य एवं सहायक आचार्य अपनी सेवायें जिला अस्पताल में देंगे जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने नव-नियुक्त सह-आचार्य एवं सहायक आचार्यों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकॉमनायें देते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य अन्तिम चरण में है। उन्होंने अपेक्षा की कि आप लोग अपने दायित्यों एवं कर्तब्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए मेडिकल कॉलेज, कौशाम्बी को नई ऊंचाइयों पर ले जायेंगे। जनपद कौशाम्बी के जिला अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध है। जनपद कौशाम्बी कें अलावा अन्य जनपदों के मरीज भी जिला अस्पताल में इलाज कराने आते हैं। आप लोगों के नियुक्ति से जनपदवासियों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें मिलेंगी। उन्होंने सह-आचार्य एवं सहायक आचार्यों से कहा कि आप लोगों को कोई भी समस्या आती है तो सीएमएस या उन्हें अवगत करायें, तत्काल निस्तारण कराया जायेंगा जिलाध्यक्ष भाजपा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा विगत 06 वर्षों से प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर से बेहतर बनाने के लिए अनेक कार्य किए गए हैं तथा निरन्तर कार्य किया भी जा रहा है। शासन द्वारा प्रत्येक जनपद में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य कराये जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने नव-नियुक्त सह-आचार्य एवं सहायक आचार्यों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकॉमनायें देते हुए अपेक्षा की कि आप लोग अपने कार्यों से मेडिकल कॉलेज, कौशाम्बी का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि जनपद के लोगों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें मिलेंगी। आप लोगों को चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उतरोत्तर प्रगति करने का सौभाग्य मिला हैं।इस अवसर पर पूर्व विधायक शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, प्रतिनिधि अध्यक्ष जिला पंचायत जितेन्द्र सोनकर, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंझनपुर भरवारी वीरेन्द्र फौजी व श्रीमती कविता पासी,प्रतिभा कुशवाहा तथा मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार एवं नोडल प्राचार्य/ सीएमएस सुनील शुक्ला उपस्थित रहे।

# सराय अकिल कस्बे में हो रहा है श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

### 7 दिसंबर को श्रीमद् भागवत कथा की पूणार्हुत यज्ञ और 8 दिसंबर को महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित





**सराय अकिल कौशांबी।** श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन बड़े हनुमान जी के मंदिर फकीराबाद सराय अकिल में 1 दिसंबर शुक्रवार से संगीत मयी धुन में बड़ी धूमधाम से हो रहा है श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के पूर्व भव्य कलश यात्रा का आयोजन नगर क्षेत्र में किया गया श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन की सफलता को लेकर वैदिक मंत्र उच्चारण से विधि विधान से पूजा अर्चन कर गंगा के पवित्र जल भर कर कलश सिर में रखकर सैकड़ो महिला पुरुष भक्तों ने प्रभु का जयकारा लगाते हुए नगर क्षेत्र में भ्रमण किया कथा आयोजन के मुख्य यजमान ममता देवी ने बताया कि 1 दिसंबर से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन शुरू हुआ है प्रतिदिन शाम के समय दो बजे से श्री धाम वृंदावन के कथावाचक विद्वान पंडित विद्याधर त्रिपाठी मधुप जी के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा पर व्याख्यान दिया जा रहा है श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन मंगलवार को कथा वाचक मधुप जी महाराज ने गोवर्धन के महत्व के बारे में विस्तार से बताया श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए प्रतिदिन कथा स्थल पर सैकड़ो महिला पर भक्त पहुंच रहे हैं वीरू महाराज पुजारी वैष्णवी दुबे सहित विभिन्न लोग श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन की सफलता को लेकर की जान से मेहनत में जुटे हुए हैं श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान ममता देवी ने बताया कि 7 दिसंबर को श्रीमद् भागवत कथा की पूणार्हुत यज्ञ और 8 दिसंबर को महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें क्षेत्र के लोगों को उन्होंने महाप्रसाद में सम्मिलित होने की अपील की है।

### 5 दिन बंद रहेगा समपार रेलवे फाटक

**भरवारी कौशाम्बी** रेलवे स्टेशन बम्हरौली एवं मनौरी के मध्य पीक्यूआरएस का कार्य होना है। सम्पार संख्या-4 ए पर तकनीकी कार्य किये जाने के कारण दिनांक 07 दिसम्बर 2023 की प्रातः 7:30 बजे से दिनांक 11 दिसम्बर 2023 तक सड़क यातायात बन्द रहेंगा। यह जानकारी सीनियर सेक्शन इंजीनियर, भरवारी ने दी।

### 17 दिसम्बर तक करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए ह्यह्यओह्लह्ल लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण तृतीय चरण के लिए 17 दिसम्बर 2023 तक बेवसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं। यह जानकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अश्विनी कुमार ने देते हुए बताया कि इच्छुक युवक/युवती ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं। निर्धारित तिथि तक आवेदन प्राप्त न होने की स्थिति में कम्प्यूटर प्रशिक्षण चयन के लिए विचार नहीं किया जायेंगा। अधिक जानकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन, मंझनपुर से प्राप्त की जा सकती हैं।



# श्रीमद्भागवत कलश यात्रा मनौरी में उमड़ी अपार भीड़

**कौशाम्बी।** तहसील चायल क्षेत्र के मनौरी बाजार में श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ के पूर्व नगर क्षेत्र में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया कलश यात्रा मनौरी बाजार के 16 मार्किट से प्रारंभ होकर पूरे नगर क्षेत्र में कलश यात्रा का भ्रमण किया गया कथा के प्रथम दिन मंगलवार को वेदी पूजन मंत्रोच्चारण के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमे बाजार के व्यापारी समाज के पुरूष व महिलाएं हजारों की संख्या में डीजे की धुन पर नाचते गाते जय श्री राम के घोष के साथ सिर पर कलश रखकर भक्तों ने पूरे बाजार में भ्रमण किया नगर क्षेत्र में भव्य कलश यात्रा के भ्रमण के दौरान लगाए जा रहे जयकारा से ऐसा लगता था कि जैसे पूरा नगर भक्तिमय हो गया। मनौरी बाजार निवासी गुलाब चंद्र केशरवानी पुत्र जगन्नाथ केशरवानी पूर्व निजी सचिव हाईकोर्ट पत्नी श्री मती मंजू केसरवानी कार्यक्रम के जजमान के रूप में शामिल हुए शामिल भागवत कथा 5 दिसम्बर मंगलवार से प्रारम्भ होकर प्रतिदिन कथा के साथ साथ भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कथा वाचक द्वारा किया जाएगा तत्पश्चात 12 दिसम्बर मंगलवार को महाप्रसाद भण्डारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन होगा भागवत कथा वाचक बंशी नन्दन राधे शुक्ल अयोध्या प्रतापगढ़ के सहयोगी मोहित शास्त्री सच्चा बाबा आश्रम प्रयागराज व अनुभव शास्त्री वृंदावन मौजूद रहेंगे।

# 06 दिसम्बर को आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

### ग्राम पंचायत-पहाड़पुर, चकसहनपुर, उजहिनी हसनपुर, चित्तापुर, रक्सराई, शिवरा, थोन, देवरा, शोभना, हर्रायपुर फैजुल्लापुर एवं बैरमपुर में 06 दिसम्बर को आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**कौशाम्बी।** जनपद की ग्राम पंचायत-पहाड़पुर,चकसहनपुर, उजहिनी हसनपुर, चित्तापुर, रक्सराई व शिवरा में 6 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा थोन, देवरा, शोभना, हर्रायपुर, फैजुल्लापुर व बैरमपुर में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 06 .दिसम्बर 2023 को ह्रविकसित भारत संकल्प यात्राह्न कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा। विकसित भारत संकल्प यात्राह्न कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेंगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी ह्रमेरी कहानी मेरी जुबानीह्न के तहत अपने अनुभव/फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेंगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेंगा। सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/ स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ-ह्नधरती कहे पुकारह्न एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

### ट्रेन के साथ सेल्फी लेने के चक्कर में चली गई किशोर की जान

**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में आयोजित शादी के कार्यक्रम में शामिल होने आए किशोर की तेज रफ्तार ट्रेन के साथ सेल्फी लेने के चक्कर में जान चली गई,तेज रफ्तार ट्रेन की टक्कर से किशोर की दर्दनाक मौत हो गई,किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया,घटना की सूचना पर पहुंची रेलवे जीआरपी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के फरीदपुर औधन गांव का रहने वाला 15 वर्षीय किशोर अभिमन्यु सिंह पुत्र स्वर्गीय संतोष सिंह देर शाम किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सोमवार की रात कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी आया था वह तेज रफ्तार ट्रेन के साथ सेल्फी लेने के चक्कर में ट्रेन से टकरा गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई,ट्रेन के लोको पायलट की सूचना पर रेलवे पुलिस ने जांच पड़ताल की और रेलवे जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया,वही किशोर की मौत की सूचना जैसे ही परिजनो को मिली तो कोहराम मच गया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

### ग्राम पंचायत- बारातफरिक, पारा हसनपुर, पट्टी परवेजाबाद, बसुहार, बेरूई, चम्पहा बाजार, शाखा, तैयबपुर मगौरा, जलालपुर बोरियों, मोहिउद्दीनपुर बहुरंगी, नन्दौली एवं बरौली में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम




**कौशाम्बी** जनपद की ग्राम पंचायत-बारातफरिक, पारा हसनपुर, पट्टी परवेजाबाद, बसुहार, बेरूई, चम्पहा बाजार, शाखा, तैयबपुर मगौरा, जलालपुर बोरियों, मोहिउद्दीनपुर बहुरंगी, नन्दौली एवं बरौली में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्राह्न कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया। किसानों को रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल भी लगायें गयें। ह्रमेरी कहानी मेरी जुबानीह्न के तहत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने योजना के लाभ से जीवन में आये परिवर्तन एवं उन्नति का अनुभव सभी से साझा किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों ने प्रधानमंत्री का रिकार्ड किया गया संदेश भी सुना। मृदा वैज्ञानिक डा0 मनोज कुमार ने ग्राम पंचायत बारातफरीक में आयोजित ह्रविकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमह्न को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष 5 दिसंबर को ह्रविश्व मृदा दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व मृदा दिवसह्न बढती हुई जनसंख्या एवं रासायनिक उर्वरक के असंतुलित उपयोग की वजह से मिट्टी की भौतिक एवं रासायनिक संरचना में परिवर्तन को रोकने एवं लोगों को उपजाऊ मिट्टी के बारे में जागरूक करने तथा संसाधन के रूप में मिट्टी के स्थायी प्रबंधन की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

कृषि में मिट्टी का एक विशिष्ट स्थान है, अगर किसानों के खेतों में फसलों के मुताबिक मिट्टी न हो तो फसलों का अच्छा उत्पादन नहीं हो सकता है, इसलिए मिट्टी का संरक्षण आवश्यक है। उन्हांने बताया कि इस वर्ष विश्व मृदा दिवस 2023 की थीम-मिट्टी और पानी, जीवन का श्रोत हैंह्न। मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों को अपने खेत की मिट्टी के अनुसार फसल लगाने एवं संतुलित उर्वरक प्रयोग के बारे जानकारी देता है, जिससे उपज अधिक एवं मिट्टी की उर्वराशक्ति संरक्षित रहती है।

## संपादक की कलम से

### इतनी नफरत इतना जहर?

ऐसे साम्प्रदायिकता वादियों और समाज में जहर घोलने वाले नफरत के सौदागरों को उनके इस छिछोरेपन का जवाब देने के लिये बातें तो बहुत की जा सकती हैं। परन्तु क्या यह बता सकते हैं कि 6 नवंबर 2005 को देश के सबसे बड़े मंदिरों में से एक दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर का उद्घाटन जिस समय अक्षरधाम मंदिर के प्रमुख द्वारा देश के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम द्वारा कराया गया था उस समय यह नफरत के सौदागर कहां मुंह छुपाये बैठे थे ?

हमारे भारतीय समाज में धार्मिक सद्भावना की जड़ें इतनी गहरी हैं कि दुनिया भारत के इस सद्भवना पूर्ण इतिहास की मिसालें पेश करती है। भारत को 'अनेकता में एकता' रखने वाले देश के रूप में जाना जाता है। जिस देश में हिन्दू देवी देवताओं के प्रशंसक कवि रहीम,रसखान और जायसी जैसे अनेक कवि हों, जिस देश में अकबर के सेनापति मान सिंह और महाराणा प्रताप के सेनापति हाकिम खान सूर रहे हों ,जिस देश में छत्रपति शिवाजी महाराज के कई सेनापति,नेवल कमाण्डर से लेकर उनके गुप्त दस्तावेज पढ़ने व उसका जवाब देने वाले मुस्लिम रहे हों,जिस देश की आजादी की लड़ाई में कुर्बान होने वाले लाखों हिन्दू-मुस्लिम-सिख-ईसाई शहीदों के नाम से पोर्ट ब्लेयर जेल की दीवारें तथा नई दिल्ली के इण्डिया गेट की शिलायें पटी पड़ी हों, जिस देश की सेना में शहीद होकर ब्रिगेडियर उस्मान व वीर अब्दुल हमीद जैसे हजारों शहीदों ने अपनी राष्ट्रभक्ति व कर्तव्यपरायणता की मिसाल पेश की हो। जिस देश की मिसाइल व परमाणु सुरक्षा प्रणाली का जनक भारत रत्न मिसाइल मैन ए पी जे अब्दुल कलाम जैसा महान वैज्ञानिक हो, उसी देश में न$फरत और जहर से भरा हुआ संकीर्ण मानसिकता रखने वालों का एक छोटा सा वर्ग ऐसा भी है जो न केवल उपरोक्त तथ्यों को नजर अंदाज करने की कोशिश करता रहता है बल्कि इसके विपरीत साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने तथा नफरत के प्रचार प्रसार के काम में भी व्यस्त रहता है।

आश्चर्य की बात तो यह है कि इन स्वयंभू राष्ट्रवादियों के पुरखों का न तो देश के स्वतंत्रता संग्राम में कोई योगदान है न ही देश की आजादी के लिये लाठियां-गोलियां खाने वालों में इनका कोई जिक्र है। परन्तु दुर्भाग्यवश अंग्रेजों की जी हुजूरी करने वाले इसी मानसिकता के लोग नफरत और साम्प्रदायिक दुर्भावना के सहारे, खासकर देश में हिन्दू-मुस्लिम के मध्य खाई गहरी कर सत्ता में जरूर आ गए हैं। और सत्ता में आते ही इनको यह एहसास हो गया है कि चूंकि हमारी सत्ता का आधार ही साम्प्रदायिकता है लिहाजा इसे निरंतर 'धार' देते रहना सत्ता में बने रहने के लिये जरूरी है। इसी मकसद के तहत कहीं जिलों, शहरों, कस्बों व स्टेशन्स के नाम बदले जा रहे हैं, मदरसों के खिलाफ कार्रवाइयां हो रही हैं, हलाल का मुद्दा उठाया जा रहा है,जिहाद,लव जिहाद,अजान और हिजाब जैसे विषय उछाले जाते हैं, इतिहास बदले जा रहे हैं। नये इतिहास गढ़े जा रहे हैं। हद तो यह है कि धार्मिक पहचान देखकर मॉब लिंचिंग की जाती है,ट्रेन में धर्म विशेष के यात्रियों को गोली मार दी जाती है,संतों जैसे दिखाई देने वाले व्यक्ति द्वारा मुस्लिम महिलाओं का बलात्कार करने की धमकी लाऊड स्पीकर पर दी जाती है।

पिछले दिनों ऐसी ही ग्रुण मानसिकता के मु भर लोगों ने उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के साम्या माता मंदिर में आयोजित शतचंडी यज्ञ के बाद अपनी नफरती हरकतों से विवाद खड़ा कर दिया। दरअसल उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के बलवा गांव के साम्या माता मंदिर में शतचंडी महायज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया गया था इस यज्ञ के मुख्य आयोजक पंडित कृष्ण दत्त शुक्ला थे जिन्होंने यज्ञ में स्थानीय समाजवादी पार्टी विधायक सैय्यदा खातून को यज्ञ आयोजन की मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया था।

हालांकि यह आयोजन पूरी श्रद्धा के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ और विधायक सैय्यदा खातून ने भी इसमें पूरी श्रद्धा व सम्मान के साथ शिरकत की। परन्तु आयोजन समाप्ति के एक दिन बाद नियोजित तरीके से इसी आयोजन में नफरत का 'एंगल' साम्प्रदायिकतावादियों द्वारा ढूंढ कर इसे विवादित बना दिया गया। एक स्थानीय छुटभैय्ये भाजपा नेता द्वारा अपनी पार्टी व हिंदू संगठन के अपने चंद साथियों के साथ उसी साम्या माता मंदिर में पहुंचकर मंदिर को गंगाजल से धुलवाया गया। नफरत के इन सौदागरों का कहना था कि 'विधायक सैय्यदा खातून और उनके समाज को जब मंदिर से कुछ लेना-देना नहीं हैं तो फिर वह हमारे धार्मिक स्थल पर क्या करने आई थीं? हम लोग हर मंगलवार यहां पर पूजा करते हैं। वो लोग मांस खाने वाले हैं, पता नहीं क्या खाकर यहां आए और मंदिर को अपवित्र कर गए ?'

जबकि साम्या माता मंदिर में आयोजित शतचंडी यज्ञ के मुख्य आयोजक और मंदिर प्रमुख पंडित कृष्ण दत्त शुक्ला का इस विषय पर कहना है कि 'वह मंदिर मेरा है, और आज से नहीं सदियों से हिंदू और मुसलमान इस मंदिर में आते जाते थे। अलग-अलग धर्म के लोग आज भी मंदिर में जाते हैं। ये विवाद किस बात को लेकर फैला रहे हैं हम?' वे सवाल उठाते हैं, 'अगर एक मुसलमान के मंदिर जाने पर मंदिर अपवित्र हो जाता है तो हिंदू भी तो मुसलमानों के तीर्थ स्थानों पर जाते हैं। तो उन्हें भी उनके स्थलों पर नहीं जाना चाहिए? ' पंडित कृष्ण दत्त शुक्ला कहते हैं, 'हमारे लिए कोई अपवित्र नहीं है. ग्रन्थों में भी यही लिखा है कि मंदिर में जात-पात का कोई भेदभाव नहीं होता है। मंदिर तो धार्मिक स्थल है, वहां कोई भी जाकर के अपना शीश झुका सकता है।' सपा विधायक के निमंत्रण पर 'कृष्णदत्त शुक्ला ने बताया कि जब मंदिर में हमने शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया तो हमारे डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र में जितने भी प्रत्याशी थे हमने सभी को न्यौता दिया था। सबको न्यौता देने के बाद जो हमारे पास आया उसका हमने स्वागत किया।

पंडित शुक्ला ने स्पष्ट कहा कि -मंदिर हमारा है, हमारा था और हमारा ही रहेगा। वहां आने वालों में हिंदू और मुसलमान का कोई भेदभाव नहीं है। पहले भी जैसे लोग मंदिर आते-जाते थे, आगे भी वैसे ही आएंगे। उधर विधायक प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश उपाध्याय का इस पूरे मामले पर कहना था कि साम्या माता के शतचंडी यज्ञ में विधायक को न्यौता दिया गया था। विधायक वहां गईं, वहां के पुजारियों ने विधायक का स्वागत सत्कार किया। फिर वहां कुछ दान करके वह वापस चली आईं। जबकि विधायक सैय्यदा खातून इस विषय पर कहती हैं कि विवाद खड़ा करने वालों की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। सोशल मीडिया में और क्षेत्र की जनता के बीच शोहरत पाने के लिए वह ऐसा करते हैं। इन जैसे लोगों की बातों और काम पर मैं ध्यान नहीं देती। ऐसे लोगों को ज्यादा तवज्जो देने की जरूरत नहीं है। विधायक ने कहा कि अगर मेरे क्षेत्र की जनता मुझे बुलाएगी तो मैं जरूर जाऊंगी। मेरे लिए मंदिर और मस्जिद, सब खुदा के घर हैं।

ऐसे साम्प्रदायिकता वादियों और समाज में जहर घोलने वाले नफरत के सौदागरों को उनके इस छिछोरेपन का जवाब देने के लिये बातें तो बहुत की जा सकती हैं। परन्तु क्या यह बता सकते हैं कि 6 नवंबर 2005 को देश के सबसे बड़े मंदिरों में से एक दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर का उद्घाटन जिस समय अक्षरधाम मंदिर के प्रमुख द्वारा देश के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम द्वारा कराया गया था उस समय यह नफरत के सौदागर कहां मुंह छुपाये बैठे थे ? क्या उनकी अब भी दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर को शुद्ध करने की कोई योजना है ? दूसरी बात यह कि मंदिरों या हवन में प्रवेश करने व शामिल होने के लिये क्या शाकाहारी होना जरूरी है ? यदि जरूरी है,तो फितना फैलाने वाली इसी पार्टी व विचारधारा के तमाम नेता न केवल माँसाहारी हैं बल्कि गोभक्षक भी हैं। देश में सभी धर्मों व जातियों में तमाम मांसाहारी लोग पाये जाते हैं।

स्वयं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई माँसाहारी थे। देश के गृह मंत्री किरण रिजिजू तो गोभक्षक हैं। इन सबसे किसी को कोई तकलीफ नहीं ? भाजपाई मुस्लिम नेता किसी भी मंदिर में जाएँ तो कोई आपत्ति नहीं परन्तु सपा मुस्लिम नेता यज्ञ में गयीं तो आपत्तिजनक? इस अवसरवादी दोहरे चरित्र को देखकर अक्सर यह खयाल आता है कि इतनी नफरत, इतना जहर यह लोग आखिर लाते कहाँ से हैं ?

# राजस्थान में आपसी कलह से हारी कांग्रेस



राजस्थान विधानसभा चुनाव में लोगों को जैसी अपेक्षा थी उसी के अनुरूप चुनाव परिणाम देखने को मिले हैं। पिछले पांच विधानसभा चुनाव से प्रदेश में हर बार राज बदलने की परंपरा छठी बार भी कायम रही है। अशोक गहलोत के लाख प्रयासों के उपरांत भी कांग्रेस पार्टी प्रदेश में हर बार सत्ता बदलने का रिवाज नहीं बना बदल पाई और सत्ता गंवा दी। राजस्थान के मतदाताओं ने भाजपा की भारी बहुमत से ताजपोशी की है ताकि अगले पांच साल तक वह बिना किसी बाधा के राज कर सके।

प्रदेश में भाजपा 115 सीटों के पर्याप्त बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। वहीं कांग्रेस का आंकड़ा 108 से घटकर 69 सीटों पर ही सीमट गया है। प्रदेश के मतदाताओं ने तीसरे मोर्चे के नाम पर नेतागिरी कर रहे बड़बोले नेताओं को भी चुनाव में उनकी जगह दिखा दी है। बहुजन समाज पार्टी मात्र दो सीटों पर सीमट गई। वहीं सत्ता की चाबी अपने हाथ में होने का दावा करने वाले नागौर के सांसद व राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल अपनी खुद की खींवसर विधानसभा सीट पर मात्र 2059 मतों के अंतर से जीत सके हैं। उनकी पार्टी के सभी प्रत्याशी पराजित हो गए।

चुनाव से कुछ महीना पहले ही बांगड़ के आदिवासी क्षेत्र में बनाई गई भारतीय आदिवासी पार्टी के तीन विधायक जीतने में सफल रहे हैं। हालांकि भारतीय आदिवासी पार्टी आदिवासी क्षेत्र में पहले भारतीय ट्राईबल पार्टी के नाम से पिछले विधानसभा चुनाव में उतरी थी और उसके दो विधायक जीते थे। उन्ही दोनों विधायकों ने भारतीय आदिवासी पार्टी के नाम से नई पार्टी का गठन किया था। आठ निर्दलीय प्रत्याशी जीते हैं। जिनमें से एक कांग्रेस का व सात भाजपा के बागी थे। विधानसभा चुनाव से पहले अशोक गहलोत ने चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के लिए पूरा जोर लगा दिया था। मगर कांग्रेस में चल रही आपसे गुटवाजी के चलते मतदाताओं ने कांग्रेस पार्टी को सिरे से ठुकरा दिया। विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ही पार्टी के मुख्य चेहरे बने हुए थे। उन्हीं के चेहरे पर कांग्रेस ने चुनाव लड़ा था। पार्टी की सभी प्रचार सामग्री पोस्टर, बैनर, होडिंगों में अशोक गहलोत की छाए हुए थे। अशोक गहलोत द्वारा हायर की गई प्रचार कंपनी डिजाईन बाक्स व उसके बड़बोले निदेशक नरेश अरोड़ा भी चुनाव जितवाने में नाकाम रहे।

सचिन पायलट पूरे चुनाव में ही साइड लाइन रहे। टिकट वितरण के दौरान सचिन पायलट ने जिस तरह से गहलोत के सामने हथियार डाले दिये थे। उस पर बड़े-बड़े राजनीतिक विश्लेषकों को भी आश्चर्य हुआ। चुनाव से पहले सुचिता की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले पायलट ने जिस तरह से गहलोत समर्थक शांति धारीवाल, प्रमोद जैन भाया जैसे विवादित लोगों को टिकट देने पर अपनी सहमति जताई उससे सभी अचंभित रह गए। लोगों का कहना था कि पायलट ने अपने समर्थक कुछ लोगों के टिकट क्लियर करवाने के चक्कर में गहलोत से अंदर खाने अघोषित समझौता कर लिया था। चुनाव में पायलट के कहने पर करीबन 40 लोगों को टिकट मिली जबकि गहलोत समर्थकों की संख्या 150 से भी ऊपर थी।

चुनाव से पहले गहलोत बार-बार कहते थे कि प्रदेश की जनता में सरकार के खिलाफ नकारात्मक माहौल नहीं है। जनता प्रदेश सरकार के कामों से खुश है। विधायकों को लेकर जनता में नाराजगी है। इसलिए हम बड़ी संख्या में नए लोगों को मैदान में उतरेंगे। मगर चुनाव आते-आते सारी बातें कागजों में ही रह गई और धड़ाधड़ बूढ़े व मौजूदा विधायकों को मैदान में उतार दिया गया। जिसका नतीजा कांग्रेस को करारी हार के रूप में देखना पड़ा।

अशोक गहलोत ने सबसे बड़ी गलती प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने खुद को चेहरा बना कर कर दी। राजस्थान में भाजपा ने किसी को भी चेहरा बनाकर चुनाव नहीं लड़ा था। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे व कमल के फूल के निशान पर चुनाव लड़ा था। वहीं अशोक गहलोत ने सामूहिक नेतृत्व के स्थान पर खुद को ही आगे कर पूरी चुनावी व्यूह रचना की थी जिसमें वह नाकाम रहे। कई विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को अपने बागी प्रत्याशियों की नाराजगी के चलते भी हार का सामना करना पड़ा है। समय रहते कांग्रेस पार्टी आंतरिक बगावत पर नियंत्रण नहीं कर पाई।

पार्टी के प्रदेश पर भारी सुखजिंदर सिंह रंधावा व तीनों सह प्रभारी का तो चुनाव के दौरान पता ही नहीं चला कि वो कहां रहे। राजस्थान में कांग्रेस को रसातल में पहुंचने में प्रभारी सुखजिंद्र रंधावा भी बहुत जिम्मेदार है। रंधावा का पूरा समय गहलोत सरकार की जी हुजूरी करते व लोगों को पदाधिकारी नियुक्त करने मे ही निकल गया और कांग्रेस पार्टी सत्ता से बाहर हो गई। कांग्रेस कार्यकताओं का कहना है कि रंधावा ने जिनको पदाधिकारी बनाया है उसमें खुलकर भ्रष्टाचार हुआ है।

पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भाजपा से सीट व मत अधिक मिले थे। मगर इस बार कांग्रेस की सीटें घटने के साथ भाजपा की तुलना में मत भी कम हुए हैं। इस बार कांग्रेस को 39.53 प्रतिशत वहीं भाजपा को 41.69 प्रतिशत मत मिले हैं। बहुजन समाज पार्टी को 1.82 प्रतिशत वहीं हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को 2.39 प्रतिशत मत ही मिल पाए हैं। कांग्रेस पार्टी के प्रति जनता में इतनी अधिक नाराजगी थी की सरकार के 17 मंत्री सहित विधानसभा अध्यक्ष, सरकारी सचेतक तक चुनाव हार गए। यही नहीं अशोक गहलोत व सचिन पायलट के जीत का अंतर भी काफी कम हुआ है।

अशोक गहलोत ने चुनाव से पहले लोगों को सात गारंटी देकर वादा किया था कि फिर से सरकार बनने पर जनता को इन सात योजनाओं के तहत लाभ पहुंचाया जाएगा। मगर प्रदेश की जनता ने उनके वादों पर ध्यान ही नहीं दिया। मतदाताओं का कहना था कि पांच साल सत्ता में रहने के दौरान जो करना था कर दिया। अब सब चुनावी वायदे हैं। प्रदेश के किसानों का ना तो ऋण माफ हुआ ना ही बेरोजगारों को नौकरियां मिली। ऊपर से भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होने से योग्य उम्मीदवारों का चयन होने से रह गया।

अशोक गहलोत का घमंड, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बड़बोले बयान व उनके रिश्तेदारों का प्रशासनिक अधिकारी पदों पर चयन होना, मंत्री सुभाष गर्ग का भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक करवाने में नाम आना, मंत्री धारीवाल का विधानसभा में महिलाओं के प्रति अशोभनीय वक्तव्य, खान मंत्री प्रमोद जैन भाया के खुलआम भ्रष्टाचार के कारनामे, राजेंद्र गुढ़ा का लाल डायरी प्रकरण, शांति धारीवाल, महेश जोशी, धर्मेंद्र राठौर द्वारा आलाकमान के निदेशों की अवहेलना करने जैसे मुद्दे कांग्रेस की छवि खराब करने के लिए काफी थे।

कांग्रेस पार्टी को अब अगले लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू करनी चाहिए। पार्टी को संगठन में अध्यक्ष सहित आमूल चूल परिवर्तन करना होगा तथा विधायक दल के नेता के पद पर भी गैर विवादित विधायक का चयन करना होगा जो सभी को साथ लेकर चल सके। तभी जनता में अपनी खोई पैंठ फिर से स्थापित कर सकती है। वरना तो राजस्थान कांग्रेस की ओर अधिक दुर्गति होने से कोई नहीं रोक सकता है।

**रमेश सर्राफ धमोरा**
**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**

# भारतीय अर्थव्यवस्था विकास के पथ पर लेकिन नयी नौकरियां पैदा करने में असफल

एक कदम जिसे देश में तत्काल उठाये जाने की जरूरत है, वह है बचत और निवेश दरों को वापस सकल घरेलू उत्पाद का 38 से 39 प्रतिशत तक बढ़ाना। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समावेशी विकास के माध्यम से बेरोजगारी की समस्या से निपटने के अलावा वृहद-आर्थिक बुनियाद मजबूत बनी रहेगी। भारत में हमेशा 5 से 6 प्रतिशत बेरोजगारी दर रही है और यह एक प्रबंधनीय स्तर है।

आजकल अर्थव्यवस्था पर एक घिसा-पिटा बयान दिया जाता है- भारत की अर्थव्यवस्था काफी अच्छी स्थिति में है जबकि कई अन्य देश लड़खड़ा रहे हैं, और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है और भू-राजनीति स्थिति को बदतर बना रही है। यह सच है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और यह निराशाजनक दुनिया, खासकर यूरोप, मध्य-पूर्व और चीन के तुलना में अधिक तेजी से बढ़ रही है।

पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार और विश्व बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री कौशिक बसु का कहना है कि इसमें संदेह करने की कोई बात नहीं है और भारत अब उचित रूप से एक उज्ज्वल स्थान पर है। इसका मतलब यह है कि अर्थव्यवस्था के अच्छा प्रदर्शन करने और तथाकथित जनसांख्यिकीय लाभांश का लाभ उठाने की संभावना है। इसलिए सवाल यह है कि क्या नीति निमार्ता इस लाभ को भुनाने के लिए पर्याप्त प्रयास कर रहे हैं। उत्तर निश्चित रूप से नहीं में है। वृहत-आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों के साथ कुछ मुद्दे हैं। इसके अलावा पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं हो रही हैं, खासकर युवाओं के बीच।

बसु भारतीय अर्थव्यवस्था में एक अंतर्निहित कमजोरी की ओर इशारा करते हैं और बताते हैं कि हाल के वर्षों में बचत और निवेश दरों में लगातार गिरावट आई है। बसु का मानना है कि मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाले यूपीए शासन के दौरान बचत और निवेश दरें सकल घरेलू उत्पाद के 38 से 39 प्रतिशत तक पहुंच गई। इससे भारत को इस शताब्दी के पहले दशक में स्थिर मूल्य आधार वर्ष पर लगभग 9 प्रतिशत की उच्च विकास दर प्राप्त हुई। विशेष रूप से घरेलू बचत की उच्च बचत दर ने यह सुनिश्चित किया कि निवेश भी तदनुसार अधिक था जिसके परिणामस्वरूप कम वृद्धिशील पूंजी उत्पादन अनुपात हुआ।



दुर्भाग्य से, बचत और निवेश दरें दोनों विशेष रूप से मोदी युग के दौरान गिर रही हैं और कोविड के वर्षों के दौरान 28 या 29 प्रतिशत के निचले स्तर तक गिर गई थीं। लेकिन अब अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार के साथ थोड़ी तेजी आ रही है, जो स्वागत योग्य है। हालांकि, बसु बताते हैं कि यह अब 30 प्रतिशत के आसपास मंडरा रहा है, इसलिए निवेश दर की भी ऐसी ही स्थिति है, जो अर्थव्यवस्था के लिए पर्याप्त नहीं है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि देश में बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा हो, विशेष रूप से श्रम प्रधान उद्योगों में भारी निवेश की आवश्यकता है। लेकिन किसी तरह ऐसा नहीं हो रहा है। तथाकथित स्व-रोजगार के माध्यम से अल्प-रोजगार भी बढ़ रही है। 35 साल से कम उम्र की आबादी के बड़े अनुपात वाले भारत के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। सीएमआईई डेटा से संकेत मिलता है कि बेरोजगारी, जो 5-6 प्रतिशत तक कम हो गई थी, अब फिर से बढ़ रही है। नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि यह अब 10 प्रतिशत के आसपास है।

कौशिक बसु के अनुसार, अधिक चिंताजनक बात यह है कि 15-22 वर्ष के आयु वर्ग में बेरोजगारी 22 प्रतिशत तक है। मध्य-पूर्व में 15-22 आयु वर्ग में बेरोजगारी की संख्या भी इतनी अधिक थी। इससे तुरंत खतरे की घंटी बजनी चाहिए। जैसा कि कहा जाता है कि निष्क्रिय दिमाग शैतान का घर होता है। दुनिया भर के सशस्त्र बलों में, सैनिकों को कभी भी निष्क्रिय रहने की अनुमति नहीं दी जाती है और उन्हें हमेशा सुबह उठने के समय से ही कुछ न कुछ काम प्रदान किया जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे अनुशासित रहें।

जब युवा व्यस्त नहीं होते हैं तो विघटनकारी प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। इस संदर्भ में अर्थव्यवस्था और समाज के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए रोजगार सृजन पर जोर देना बहुत महत्वपूर्ण है। रोजगार बढ़ाने के लिए बुनियादी ढांचे में वित्त पोषण बढ़ाना महत्वपूर्ण है और सरकार साल दर साल सार्वजनिक व्यय बढ़ाकर अपना काम कर रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस साल के बजट में सार्वजनिक व्यय को 2022-23 के 7.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये से थोड़ा अधिक कर दिया है। यह एक स्वागत योग्य घटनाक्रम है। निजी निवेश भी बढ़ रहा है।

लेकिन चमड़ा, कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण आदि जैसे श्रम प्रधान उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। साथ ही इन उद्योगों को पूरे देश में, विशेषकर छोटे कस्बों और शहरों में फैलाना होगा, ताकि ग्रामीण संकट को दूर किया जा सके। इलेक्ट्रॉनिक्स और विनिर्माण को बढ़ावा देना एक स्वागत योग्य कदम है क्योंकि इससे नौकरियां पैदा होती हैं, लेकिन ये उद्योग आमतौर पर बड़े शहरों और उसके आसपास स्थापित होते हैं क्योंकि इसके लिए कुशल और उच्च कुशल जनशक्ति की आवश्यकता होती है। ग्रामीण संकट से निपटने के लिए कौशल विकास को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। स्किल मैपिंग से क्षेत्र विशेष के कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी। इन पर कार्य प्रगति पर है।

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह में सुधार हो रहा है। उन्नत देशों द्वारा चीन प्लस वन नीति अपनाने से विदेशी निवेश प्रवाह में भारत की ओर झुकाव हो रहा है। लेकिन विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका जैसी उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में ब्याज दरें बढ़ने के साथ, उभरती अर्थव्यवस्थाओं से बहिर्वाह की संभावना है। हालांकि यह कुछ उभरती अर्थव्यवस्थाओं में हो रहा है। भारत से बहिर्वाह इस समय उतना महत्वपूर्ण नहीं है क्योंकि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के कई उद्योगपति भारतीय अर्थव्यवस्था को एक अवसर के रूप में देखते हैं। लेकिन अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति के साथ, यह प्रवृत्ति कुछ ही समय में उलट हो सकती है। इसलिए इससे बचाव की जरूरत है।

एक कदम जिसे देश में तत्काल उठाये जाने की जरूरत है, वह है बचत और निवेश दरों को वापस सकल घरेलू उत्पाद का 38 से 39 प्रतिशत तक बढ़ाना। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समावेशी विकास के माध्यम से बेरोजगारी की समस्या से निपटने के अलावा वृहद-आर्थिक बुनियाद मजबूत बनी रहेगी। भारत में हमेशा 5 से 6 प्रतिशत बेरोजगारी दर रही है और यह एक प्रबंधनीय स्तर है। ध्यान देने वाली बात यह है कि युवाओं में बेरोजगारी, वह भी लगभग 20-22 प्रतिशत, परेशान करने वाली हो सकती है। सरकार को इस समस्या के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है ताकि भारत एक जीवंत अर्थव्यवस्था बना रहे।

**- के आर सुधामन**

## पर 2024 की कोई गारंटी नहीं है!

**- राजेंद्र शर्मा**

यहीं इंडिया मंच महत्वपूर्ण हो जाता है। लेकिन, उसे इन चुनावों से कुछ जरूरी सबक सीखने होंगे। सबसे जरूरी सबक तो यही है कि भाजपाविरोधी ताकतों की एकजुटता किसी भी कीमत पर कायम होनी ही चाहिए। इन विधानसभाई चुनावों से नकारात्मक सबक लेने ही होंगे। बेशक, यह कसरत भी दिलचस्प हो सकती है कि इंडिया के संभावित सहयोगियों के वोट का एक साथ पड़ना, इस चुनाव में भी भाजपा को कितनी सीटें भेंट करने से बचा सकता था।

आम चुनाव से ठीक पहले के विधानसभाई चुनावों के चक्र में प्रभावशाली जीत के बाद, भाजपा ने इन चुनावों को सिर्फ सेमीफाइनल ही नहीं, उससे आगे बढ़कर एक प्रकार से फाइनल भी कहना शुरू कर दिया है। मतगणना के ही दिन, 3 अक्टूबर को देर शाम, नई-दिल्ली में भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित विजय सभा में अपने संबोधन में खुद प्रधानमंत्री ने जिस तरह तीन राज्यों की जीत को, 2024 के चुनाव की (जीत की) गारंटी बताया है, इसी का इशारा करता है। आने वाले दिनों में बार-बार चुनाव के इस चक्र की जीत को, 2024 के चुनाव में मोदी की शानदार जीत का संकेतक साबित करने की कोशिश नहीं की जा रही हो, तभी हैरानी की बात होगी। बहरहाल, इस संदर्भ में, संक्षेप में यह याद दिला देना उपयोगी रहेगा कि इस चक्र के नतीजे और उसमें भी खासतौर पर हिंदी पट्टी के तीन राज्यों—राजस्थान, मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़—के नतीजे, ठीक-ठीक क्या कहते हैं और क्या नहीं कहते हैं।

यह निर्विवाद है कि इस चुनाव में तीनों हिंदीभाषी राज्यों में भाजपा को जोरदार जीत हासिल हुई है और आम तौर पर विपक्ष को और खासतौर पर कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है। भाजपा ने 2018 के चुनाव के इसी चक्र के नतीजों को पूरी तरह से पलटते हुए, इन तीनों राज्यों में दोबारा सत्ता पर कब्जा ही नहीं कर लिया है, उस मध्य प्रदेश में भी उसने शानदार जीत दर्ज कराई है, जहां 2018 की हार के करीब डेढ़ साल बाद, दलबदल के जरिए उसने फिर से सत्ता हासिल कर ली थी और इस तरह इस बार चुनाव के समय उसकी ही सरकार थी। इस तरह, भाजपा ने इन तीन राज्यों में अपनी राज्य सरकारों की संख्या एक से बढ़ाकर तीन ही नहीं कर ली है, उसने सारे पूवार्नुमानों को झुठलाते हुए मध्य प्रदेश में अपनी सीटों की संख्या में, 2018 के मुकाबले 54 की बढ़ोतरी कर, 163 सीटें हासिल कर ली हैं और छत्तीसगढ़ में अपनी सीटों में 39 की बढ़ोतरी कर, कुल 54 सीटों पर कब्जा कर लिया है। राजस्थान में भी, बहुत अप्रत्याशित नहीं होते हुए भी, उसने अपनी सीटों में 42 की बढ़ोतरी कर, कुल 115 सीटों पर जीत दर्ज कराई है, जिसे प्रभावशाली बहुमत तो जरूर कहा जाएगा।

लेकिन, इतना ही नहीं है। मध्य प्रदेश में भाजपा ने अपने मत फीसद में 7.5 फीसद की बढ़ोतरी के साथ, कुल 48.6 फीसद वोट हासिल किए हैं। इसी प्रकार, छत्तीसगढ़ में उसने 13.3 फीसद की बढ़ोतरी के साथ, 46.3 फीसद वोट हासिल किए हैं। यहां तक कि राजस्थान में भी उसने 2.9 फीसद की बढ़ोतरी के साथ कुल 41.7 फीसद वोट हासिल किए हैं। छत्तीसगढ़ तथा मध्य प्रदेश में मत फीसद में भारी बढ़ोतरी और राजस्थान में भी कुछ बढ़ोतरी का, 2024 के चुनाव के लिए एक स्पष्ट संकेत है जो किसी को भी नहीं भूलना चाहिए। भाजपा हिंदीभाषी क्षेत्र में अब भी अपना वोट बढ़ा पा रही है। और मोटे तौर पर उसका वोट 45 फीसद से करीब तक पहुंच गया है।

दूसरी ओर, इस चुनाव में आमतौर पर विपक्ष के और खासतौर पर कांग्रेस के हाथों से दो राज्यों—राजस्थान और छत्तीसगढ़—की सत्ता चली गई है। यह धक्का इसलिए और भी बड़ा है कि इसके बाद कांग्रेस के पास बिहार में महागठबंधन सरकार में हिस्सेदारी के अलावा, हिंदीभाषी क्षेत्र में सिर्फ हिमाचल की सरकार रह गई है। इसी प्रकार, मध्य प्रदेश में कांग्रेस पिछले चुनाव के मुकाबले 48 सीटें गंवाकर मात्र 66 सीटों पर आ गई है, जबकि छत्तीसगढ़ में 33 सीटें गंवाकर 35 पर और राजस्थान में 31 सीटें गंवाकर, 70 पर ही सिमट गई है। धक्का बेशक बड़ा है। इसके बावजूद, यह नहीं भूलना चाहिए कि चुनाव नतीजों से आम तौर पर जल्दी में जो नतीजा निकाल लिया गया है और धारणा बना ली गई है उसके विपरीत, 2018 के चुनाव के मुकाबले जब इन तीनों ही राज्यों में कांग्रेस ने जीत हासिल की थी, इस चुनाव में भी कांग्रेस ने अपना वोट कमोबेश बनाए ही रखा है। मध्य प्रदेश की जबर्दस्त हार के बावजूद, कांग्रेस के वोट में सिर्फ 0.5 फीसद की कमी हुई है और उसने 40.4 फीसद वोट हासिल किए हैं, जबकि राजस्थान में उसके वोट में 0.1 फीसद की मामूली बढ़ोतरी ही हुई और उसकी झोली में 39.7 फीसद वोट आए हैं। छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस के वोट में 0.8 फीसद की कमी हुई है और उसके हिस्से में 42.2 फीसद वोट आए हैं।

## प्रधान-सचिव उडा रहे धज्जियां

**मानिकपुर/चित्रकूट।** गौवंशों को लेकर प्रधान-सचिव की बड़ी लापरवाही सामने आई है। गौवंशो के हक के बजट को धड़ल्ले से बंदरबांट किया जा रहा है। मंगलवार को मानिकपुर ब्लाक के रानीपुर कल्याणगढ़ की गौशाला में गौवंशों के लिए कोई व्यवस्था नही है। खाने-पीने से लेकर ठंड से बचाव तक की व्यवस्था नही दिख रही। गौशाला में समुचित व्यवस्था न होने से ठंड से गौवंश ठिठुर रहे हैं। गौशाला में अभी तक पन्नी व खाने- पीने की सामग्री दिखाई नहीं दे रही। जिम्मेदार गौशाला को लेकर बड़ी लापरवाही बरत रहे हैं। संबंधित अधिकारियों के कानों में जूं नही रेंग रही। जमीनी स्तर पर गौशालाओं की जांच कब होगी। लापरवाही बरत रहे प्रधान-सचिव पर कार्रवाई कब होगी।

# मोदी सरकार है जनता की सरकार: पंकज

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** विकसित भारत संकलय यात्रा की वैन शिवरामपुर मंडल के मैनहाई गांव पहुंची। भाजपा कार्यकताओं ने वैन का स्वागत किया। वैन से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरीब जनकल्याणकारी योजनाओं को बताया जा रहा है।

मंगलवार को इस यात्रा में विभिन्न विभागों के स्टाल भी लगाये जा रहे हैं, ताकि आम जनता की समस्याओं का समाधान हो सके। यात्रा शिविर में बांदा-चित्रकूट कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने कहा कि ये सरकार जनता की सरकार है। मोदी सबका साथ-सबका विकास कर रहे हैं। मोदी विकसित भारत का सपना



विकासत भारत संकल्प यात्रा में बोलते पंकज।

साकार कर रहे हैं। भाजयुमो मंत्री घनश्याम पटेल ने कहा कि लोगों के वोट की ताकत से सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनायें लोगों के लिए हैं। कार्यक्रम संयोजक श्रीधर त्रिपाठी, बूथ अध्यक्ष धर्मन्द्र, मंत्री राजेश्वरी द्विवेदी, धनश्याम पटेल, रमेश कुशवाहा, प्रधान बद्री प्रसाद समेत सैकडों लोग मौजूद रहे।

# अधिवक्ता शेड निर्माण में आरईएस हडप रहा दस लाख रुपये, बेहद बद्तमीज हैं एक्सईएन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त व गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने के सख्त निर्देश हैं। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग शासकीय धन का दुरुपयोग कर रहा है। मंगलवार को ये मामला जिला मुख्यालय की जिला कचहरी परिसर का है। बताया गया कि पूर्व स्नातक विधायक डॉ यज्ञदत्त शर्मा ने अधिवक्ता शेड निर्माण को बुंदेलखंड विकास निधि से पांच लाख रुपये दिये थे। पांच साल से निर्मित ये शेड पूरी तरह ठीक ठाक है, पूर्व निर्मित शेड जीर्ण-शीर्ण नहीं है। कार्यदाई संस्था के अधिकारी सरकारी धन हजम करने को नए शेड निर्माण को सदर विधायक की दी दस लाख रुपये की धनराशि से पुराने सही हालत के शेड में ही लगा रहे हैं। इसे नया दिखाकर दस लाख रुपये हडपना चाहते हैं।

सपा विधायक अनिल प्रधान ने नये अधिवक्ता शेड निर्माण को विधायक निधि से दस लाख रुपए दिलाये है। कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग नया अधिवक्ता शेड न बनाकर पूर्व निर्मित शेड में ही धनराशि खर्च कर रही है। पुराने शेड में पक्की छत की जगह टीन पड़ी थी, टीन को हटाकर महज पक्की छत डाली जा रही है। स्टीमेट में पुराने शेड की जगह नया शेड निर्माण अंकित है। जिम्मेदार अधिकारी व ठेकेदार पूर्व निर्मित शेड में पक्की छत डालकर दस लाख रुपये हडपना चाहते हैं। अधिवक्ताओं ने रोष जताते हुए कहा कि आरईएस के एक्सईएन एसके पाण्डेय चहेते ठेकेदार को निर्माण कार्य का ठेका देकर शासकीय धन हडप रहे हैं। एक्सईएन एसके पाण्डेय बेहद बद्तमीज किस्म के हैं, उनसे पक्ष लेने गये तो पक्ष देने से साफ मना कर दिया। अधिवक्ताओं ने धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

# काली घाटी में नहीं थम रहा हादसों का सिलसिला, आज फिर पलटा एक और ट्रक

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** कोतवाली क्षेत्र के सरैंया चैकी के काली घाटी में वाहन पलटने का सिलसिला लगातार जारी है। मंगलवार को कर्नाटक से नींबू लेकर काठमांडू जा रहा ट्रक घाटी के अंधेमोड में बेकाबू होकर पलट गया। चालक को गंभीर चोटें आयी है।

ये हादसा मंगलवार को सवेरे हुआ। ट्रक के सह चालक जितेन्द्र (28) निवासी भरवारी जिला कौशम्बी ने बताया कि कर्नाटक से नींबू लादकर मानिकपुर के रास्ते



काठमांडू (नेपाल) जा रहे थे। रात भर गाड़ी चलाने के बाद वह सो रहा था, साथी ड्राइवर मजलूम (32) निवासी प्रतापगढ़ गाड़ी चला रहा था। मानिकपुर नगर निकलने के बाद काली घाटी के अंधे मोड़ में ट्रक बेकाबू होकर पलट गया। ट्रक चला रहे मजलूम को गम्भीर चोट आई। आसपास लोगों ने ट्रक पलटते देख सरैंया चैकी को सूचना दी। चैकी इंचार्ज घटना स्थल पर ट्रक में फंसे चालक को निकाल अपनी गाड़ी में लादकर सीएचसी मानिकपुर भेजा। उसका इलाज जारी है।

ज्ञात है कि काली घाटी के अन्य मोड़ सरल किये जा चुके हैं। आखिरी मोड़ अंधा व काफी खतरनाक होने से अक्सर हादसे हो जाते हैं। रविवार को देर रात नागपुर से कोयला लोडकर लखनऊ जा रहा ट्रक इसी मोड़ में पलट गया था। लगातार इस मोड़ में हो रहे हादसों को देखकर पूर्व एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने पीडब्ल्यूडी को मोड़ सरल करने को कहा था, कुछ दिन कार्य भी हुआ, लेकिन उनके तबादले के बाद ये कार्य ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

# शहर की गलियों में अतिक्रमणकारियों का बोलबाला, ईओ की अनदेखी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नगर पालिका के ईओ लालजी यादव की अनदेखी से शहर की गलियां हों या मुख्य सडक, सभी जगह अतिक्रमणकारियों का बोलबाला है। ईओ पता नहीं नगर पालिका में क्या करते रहते हैं कि उन्हें अवैध कब्जाधारियों की खबर तक नहीं होती। उनका तंत्र बेहद कमजोर है। मंगलवार को शहर की गलियां व सडकों में अतिक्रमणकारियों का बोलबाला देखने को मिला। नगर पालिका के ईओ लालजी यादव की अनदेखी से जगह-जगह लोग भारी अतिक्रमण कर रहे हैं। गलियों में इस कदर अतिक्रमण हो रहा है कि चारपहिया निकलना दूभर हो गया है, जहां पहले ट्रक निकल जाया करते थे, वहां अब चारपहिया का निकलना मुश्किल होता जा रहा है।

ईओ नगर पालिका का तंत्र बेहद कमजोर है। इसी के चलते लोग जगह-जगह गलियों व सडकों में भारी अतिक्रमण कर मार्ग अवरुद्ध कर रहे हैं। अतिक्रमणकारियों पर जल्द ईओ ने कार्यवाही नहीं की तो ईओ के खिलाफ लोग आन्दोलित हो सकते हैं।

## हादसे में चालक को तीन हजार का जुमार्ना

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निदेशों के अनुपालन में थानाध्यक्ष मारकुण्डी मनीष कुमार व पैरोकार सतीष कुमार की पैरवी से न्यायालय ने सड़क हादसे के आरोपी चालक को तीन हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

मंगलवार को अभियोजन अधिकारी पियूष कुमार यादव की प्रभावी बहस के चलते न्याय अधिकारी ग्राम न्यायालय मानिकपुर सुश्री खुशबू चन्द्रा ने मारकुण्डी थाने में दर्ज हादसे के मामले के आरोपी शिवनाथ कुशवाहा पुत्र शारदा प्रसाद कुशवाहा निवासी डौलनी थाना मैहर जिला सतना मप्र को तीन हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। ज्ञात है कि 24 मई 2022 को सर्वेश गौतम पुत्र रामललन निवासी इटवा डुडैला ने मारकुण्डी थाने में रिपोर्ट लिखाई कि आरोपी ने तेजी व लापरवाही से वाहन संख्या एमपी-19जीए 5836 नाम-पता अज्ञात ने गाड़ी चलाते हुये उसके घर के सामने खड़ी पुत्री अराध्या (6) को ठोकर मारकर भाग गया। अराध्या का पैर टूट गया। पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना तत्कालीन दरोगा मानसिंह यादव ने 13 अक्टूबर 2022 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# गैंगेस्टर आरोपी को हुई दो वर्ष की सजा, दस हजार जुमार्ना

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के जारी आपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित वादों की पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निदेशों के अनुपालन में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय व पैरोकार प्रदीप कुमार ने गैंगेस्टर आरोपी को न्यायालय से दो वर्ष की सजा व दस हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित कराया।

मंगलवार को प्रभारी मॉनिटरिंग सेल निरीक्षक जयप्रकाश उपाध्याय की पैरवी व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर जनपद न्यायधीश/एफटीसी (न्यू) सुशील कुमार वर्मा ने रैपुरा थाने में दर्ज गैंगेस्टर आरोपी गुड्डा कोल उर्फ राजमन उर्फ राजकुमार उर्फ झल्ला पुत्र गोविन्द प्रसाद निवासी सकरौंहा थाना मानिकपुर को दो वर्ष की सजा व दस हजार रुपये जुमार्ना से दंडित किया।

ज्ञात है कि 15 सितम्बर 2007 को तत्कालीन थानाध्यक्ष रैपुरा रामनरेश राठौर ने थाने में गुड्डा कोल पर गैंगेस्टर एक्ट दर्ज किया था। तत्कालीन थानाध्यक्ष जयशंकर पाण्डेय ने मुकदमे की विवेचना कर दो अक्टूबर 2008 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# बारात देख रही मासूम से युवक ने किया दुष्कर्म

### बच्ची की हालत नाजुक, आरोपी हिरासत में

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** राजापुर थाने के कक्षा दो की छात्रा से 17 साल के युवक ने दुष्कर्म की घटना अंजाम दी। छात्रा की हालत खराब होने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल भेजा गया।

दुष्कर्म की ये घटना सोमवार देर रात की बताई गई। गांव के प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि सोमवार देर रात पड़ोस में आई बारात को देखने छात्रा गई थी। रात साढे दस बजे द्वारचार हो रहा था। इसी बीच गांव के 17 साल का युवक बारात देख रही लडकी को उस समय ले गया, जब साढे 12 बजे लोग भोजन को घर के अन्दर चले गये।

युवक उसे मुंह दबाकर खेत में ले गया। उसके साथ हैवानियत की घटना अंजाम दी। हैवानियत दौरान लड़की लहूलुहान हो गई। दरिंदगी कर लड़का वहां से फरार हो गया। दो घंटे बाद लड़की को होश आया, वह किसी तरह उठी। परिजनों को आवाज दी, परिजन उसे उठा ले गये। पुलिस को फोन से सूचना दी। लड़की ने पुलिस को आप बीती बताई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। लड़की को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। इस मामले में पुलिस कुछ भी बोलने से इंकार कर रही है।

## एक वारंटी दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह ने सिपाही शिवपूजन यादव के साथ विद्युत अधिनियम के वारंटी विनोद गिरी पुत्र भरतलाल निवासी भरतपुरी को गिरफ्तार किया।

## चोरी-माल बरामद के तीन मामलों में हुई सजा

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी विपुल कुमार श्रीवास्तव ने आरोपियों को सजा दिलाने के अभियान में सीओ रेलवे नईम खां मंसूरी की देखरेख में पैरवी कर प्रभारी निरीक्षक जीआरपी मानिकपुर दिलीप कुमार मिश्रा की अगुवाई में गठित टीम के पैरोकार सतीशचन्द्र की पैरवी से चोरी-माल बरामद के आरोपी कुलदीप पटेल पुत्र तिलकधारी पटेल निवासी डीही थाना गोविन्दगढ जिला रीवां मप्र को जेल में बिताई अवधि की सजा व एक हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित कराया। मंगलवार को रेलवे न्यायालय ने एक और मामले में कुलदीप पटेल को जेल में बिताई अवधि व एक हजार रुपये के जुमार्ना से चोरी-माल बरामद मामले में भी सजा कराई। कुलदीप पटेल को ही चोरी-माल बरामद मामले में जेल में बिताई अवधि की सजा व एक हजार रुपये जुमार्ना से दंडित कराया। दंडित कराने में एपीओ हरिओम सिंह व जज सुश्री खुशबू चन्द्र ग्राम न्यायालय मानिकपुर तथा दरोगा सुरेशचन्द्र व दीवान सतीशचन्द्र ने अहम भूमिका निभाई।

# नगर पालिका बोर्ड को नहीं है नजूल भूमि के खुर्द-बुर्द का अधिकार

### मराठा कालीन इमारत में बिना शासन की मंजूरी के चलाया बुलडोजर

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मराठा कालीन इमारत में बुलडोजर चलवाकर इमारत को खुर्द-बुर्द करने का हवाला नगर पालिका बोर्ड को दे रहा है, जबकि बोर्ड को किसी की सम्पत्ति पर बुलडोजर चलवाने का कोई अधिकार नहीं है।

मंगलवार को एक वार्ड मेम्बर ने बताया कि मराठा कालीन इमारत में बुलडोजर चलवाने का हवाला बोर्ड का दिया जा रहा है, जबकि उसी वार्ड मेम्बर का दावा है कि किसी की सम्पत्ति पर बुलडोजर चलवाने का अधिकार बोर्ड को भी नहीं है। किसी की सार्वजनिक सम्पत्ति बोर्ड को जनहित में लेनी है तो नगर पालिका को ये प्रमाण पत्र देना आवश्यक है कि फला जमीन लेना ही एकमात्र विकल्प है। जमीन किस प्रोजेक्ट को ली जा रही है, पर्यावरण रिपोर्ट भी



इस इमारत परिसर में चला है बुलडोजर।

पर्यावरण मंत्रालय से मंजूरी आवश्यक है। नगर पालिका को प्रचलित रेट के हिसाब से मुआवजा देना होगा। जो दोगुना या चार गुना भी हो सकता है। राज्य सरकार के अनुसार ये नियम लागू हैं।

नगर पालिको बोर्ड को साफ-सफाई, लाइट, सडक, नाली जल निकासी, आवागमन की व्यवस्था आदि कार्य हैं। व्यक्तिगत लाभ को बिना शासनादेश के पारित प्रस्ताव मंडलायुक्त को निरस्त करने का अधिकार है। नगर पालिका बोर्ड को घरों में टैक्स लगाना, गरीबों को सुविधायें देना व रैन बसेरा आदि बनाने तथा जाडे में अलाव की व्यवस्था कराने के अधिकार हैं। पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि बोर्ड को कोई नजूल भूमि किसी कार्य से लेनी है तो शासन से मंजूरी के बाद ही उस पर बुलडोजर चलवाकर जनहित के कार्य किये जा सकते हैं।

# गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल रहा भारत: लवकुश



विकसित भारत का संकल्प लेते भाजपाई।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** विकसित भारत संकल्प यात्रा दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कर भारत संकल्प यात्रा से पूरे मंडल व शक्ति केंद्र में एलईडी वैन सरकार की योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचा रही है। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी व मंडल अध्यक्ष आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। मंगलवार को भरतकूप में जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में जारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लाभार्थियों तक पहुंचानी है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी है, गांव-गांव जा रही है। लाभार्थियों से आग्रह किया कि विकसित भारत बनाने के योगदान का संकल्प सभी लें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश पूरी दुनिया की अगुवाई कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में नए भारत का निर्माण हो रहा है, जो भारत गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल रहा है, अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करता है।इस मौके पर पूर्व सांसद रमेशचंद्र द्विवेदी, पूर्व विधायक आनंद शुक्ला, जिला महामंत्री/कार्यक्रम संयोजक राजेश जायसवाल, आलोक पांडे, तीरथ तिवारी, भागवत त्रिपाठी, अर्पित जायसवाल, सच्चिदानंद गर्ग, धीरेंद्र सेंगर, अंकित पांडे, सुमित मिश्रा, घनश्याम पटेल, सुरेश अनुरागी आदि मौजूद रहे।

# मृतक आश्रितों को मुआवजा देने की बात होती, तो बेहतर होता

### पूर्व सांसद-पूर्व विधायक को लेकर तरह-तरह की आशंकायें ले रही जन्म?

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र 23 नवम्बर को भरतकूप में स्कार्पियो व डम्फर में हुई भीषण भिडन्त में मरे हिमांशू मिश्रा व रामभवन विश्वकर्मा के मामले में आखिर किसका भला करना चाहते हैं, ये बात समझ से परे है। पूर्व सांसद व पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय मृतकों को मुआवजा देने की बात उठाते तो, गरीब परिवार के मृतक आश्रितों का कुछ भला तो हो ही जाता। उन्होंने ऐसा न कर भरतकूप थानाध्यक्ष सूबेदार बिन्द को मुद्दा बना लिया, इसे लोग उचित करार नहीं दे रहे।

भरतकूप थानाध्यक्ष पुनः सूबेदार बिन्द के बना देने के बाद पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र की प्रेसवार्ता ने इस मुद्दे को फिर से हवा दे दी है। लोग चर्चा कर रहे हैं कि पूर्व सांसद को थानाध्यक्ष



धरना-प्रदर्शन की फाइल फोटो।

को हटाने की जिद न पकडकर मृतकों के आश्रितों को मुआवजा देने का मुद्दा उठाया जाता तो बेहतर होता। मिस्त्री रामभवन विश्वकर्मा व हिमांशू मिश्रा के परिजनों का कुछ भला ही हो जाता। उन्होंने ऐसा न कर थानाध्यक्ष को हटाने की ही जिद पकड ली। इसे लेकर तकरीबन दो दिन तक धरना-प्रदर्शन करते रहे। अंततः वह नहीं हुआ, जो वह चाहते थे। थानाध्यक्ष अपनी सीट पर बरकरार हैं। पूर्व सांसद व पूर्व राज्यमंत्री तथा सदर विधायक अनिल प्रधान ने मृतकों को न्याय दिलाने की तो मांग की, लेकिन किसी ने भी मृतक आश्रितों को धनराशि दिलाने की मांग नहीं की। कह सकते हैं पूर्व सांसद धरना प्रमुख से होते जा रहे हैं। वे हर एक बात पर धरना-प्रदर्शन पर आमादा हो जाते हैं। उनका धरना-प्रदर्शन भाजपा सरकार की विफलता प्रदर्शित करता है। सरकार के नुमाइन्दों का धरना-प्रदर्शन उचित है या नहीं? ये चिन्तन का विषय है। नेता प्रतिपक्ष/सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सदन में सूबे के मुख्यमंत्री को भी पूर्व सांसद के धरने को लेकर घेरने का प्रयास किया था। इसे लेकर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी असहज से हो गये थे। प्रतीत होता है कि पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र व पूर्व विधायक आनन्द शुक्ला की अखिलेश यादव से कोई डील तो नहीं हो गई? फिलहाल इसे लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चायें जन्म ले रही हैं।

## बाइडेन ने भारतीय-अमेरिकी देवेन पारेख को प्रमुख पद के लिए किया नामित



**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के पूंजीपति देवेन पारेख को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नए कार्यकाल के लिए अंतर्राष्ट्रीय विकास वित्त निगम के निदेशक मंडल में नामित किया है।
पारेख न्यूयॉर्क शहर में स्थित ग्रोथ इक्विटी इन्वेस्टमेंट फंड इनसाइट पार्टनर्स में प्रबंध निदेशक हैं।
कानून के अनुसार विकास वित्त निगम निदेशक मंडल में सीनेट और हाउस नेतृत्व से राष्ट्रपति की सिफारिश पर चार सदस्य शामिल होते हैं। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि पारेख सीनेट के बहुमत नेता द्वारा अनुशंसित उम्मीदवार हैं।
2000 में इनसाइट में शामिल होने के बाद से पारेख ने उत्तरी अमेरिका, यूरोप, एशिया, मध्य पूर्व, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया सहित वैश्विक स्तर पर एंटरप्राइज सॉफ्टवेयर डेटा और उपभोक्ता इंटरनेट व्यवसायों में 140 से अधिक निवेश किए हैं।
इनसाइट और डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन में अपने काम के अलावा पारेख काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस, कानेर्गी एंडोमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस, एनवाईयू लैंगोन, टिश न्यूयॉर्क एमएस रिसर्च सेंटर और इकोनॉमिक क्लब ऑफ न्यूयॉर्क के बोर्ड सदस्य के रूप में कार्य करते हैं।
वह पहले ओवरसीज प्राइवेट इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन के बोर्ड, यूएस एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट बैंक के सलाहकार बोर्ड और संघीय संचार आयोग की तकनीकी सलाहकार परिषद में काम कर चुके हैं।
2021 में पारेख को रॉबर्ट एफ कैनेडी रिपल ऑफ होप अवार्ड मिला। वह एस्पेन इंस्टीट्यूट के हेनरी क्राउन फेलो भी हैं।
इनसाइट में शामिल होने से पहले पारेख न्यूयॉर्क स्थित मर्चेंट बैंकिंग फर्म बेरेन्सन मिनेला एंड कंपनी में प्रिंसिपल थे, जहां उन्होंने एम एंड ए कमेटी में काम किया था।
उन्होंने एमएंडए और अन्य निवेश गतिविधियों पर ब्लैकस्टोन के लिए भी काम किया। पारेख ने पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के व्हार्टन स्कूल से अर्थशास्त्र में बी.एस. किया है।
यूएस इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन अमेरिका का विकास बैंक है और विकासशील दुनिया के सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान के लिए वित्त पोषण के लिए निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी करता है।

## यरुशलम में नेतन्याहू पर भ्रष्टाचार का मुकदमा फिर से शुरू



**यरुशलम।** इजरायल-हमास संघर्ष के बीच दो महीने से अधिक समय के विराम के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा सोमवार को यरुशलम में फिर से शुरू हुआ।
सुनवाई के दौरान, यरुशलम जिला न्यायालय ने तथाकथित "केस 4,000" पर एक पुलिस अन्वेषक की पूछताछ सुनी, जिसमें नेतन्याहू ने कथित तौर पर उसके स्वामित्व वाले एक समाचार वेबसाइट से अनुकूल कवरेज के बदले में इजरायल की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी बेजेक के लिए विनियामक लाभों को बढ़ा दिया था।
मुकदमा 2020 की शुरूआत से चल रहा है। मामले में आखिरी सुनवाई 20 सितंबर को हुई थी, जिसके बाद अदालत यहूदी छुट्टियों के लिए अवकाश पर चली गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इसके बाद मौजूदा इजरायल-हमास संघर्ष के कारण अदालत की बैठक नहीं हुई।
इजरायल के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे नेतन्याहू पर तीन अलग-अलग मामलों में रिश्वत लेने, धोखाधड़ी और विश्वास तोड़ने का मुकदमा चल रहा है, लेकिन उन्होंने किसी भी गलत काम से इनकार किया है।

## भारत का लक्ष्य वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना, संयुक्त राष्ट्र में भारतीय स्थायी मिशन ने रखा दृष्टिकोण



**संयुक्त राष्ट्र।** भारत का लक्ष्य दुनिया को साथ लेकर चलना है। साथ ही अधिक समावेशी और टिकाऊ भविष्य के लिए वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना है। भारतीय मिशन के अधिकारियों ने भारत के दृष्टिकोण को संयुक्त राष्ट्र में सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के समक्ष रखा।
यह जानकारी आज सुबह भारतीय समयानुसार संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने 'एक्स' पर संक्षिप्त विवरण के साथ दी। मिशन ने लिखा है- 'भारत ने फरवरी 2024 में सामाजिक विकास के लिए 62वें संयुक्त राष्ट्र आयोग की तैयारी में दुनिया भर के सदस्यों के लिए आयोजित ब्रीफिंग का नेतृत्व किया। सबके साथ मिलकर भारत का लक्ष्य अधिक समावेशी और टिकाऊ भविष्य के लिए वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना है।'

# नेपाल-भारत संबंधों की तुलना चीन से नहीं की जा सकती: संसदीय समिति



**काठमांडू।** नेपाल और भारत के बीच रहे किसी भी प्रकार के संबंधों की तुलना चीन से नहीं की जा सकती है। नेपाल की एक संसदीय समिति की बैठक में देश की नई विदेश नीति पर चर्चा करते हुए यह टिप्पणी की गई है।
नेपाली संसद के अन्तर्गत अन्तरराष्ट्रीय संबंध समिति में इन दिनों देश की नई विदेश नीति को लेकर व्यापक चर्चा की जा रही है। इस समिति के अध्यक्ष राजकिशोर यादव ने कहा कि नेपाल की नई बनने वाली विदेश नीति में सभी देशों के साथ संबंध को लेकर स्पष्ट रूप से व्याख्या करने की आवश्यकता है। समिति की बैठक में यादव ने कहा कि नेपाल को रूढ़िवादी सोच से आगे निकल कर यथार्थ परख होकर सोचना होगा। उन्होंने कहा कि सभी पड़ोसी देशों के साथ समदूरी, समसंबंध, सभी देशों के साथ एक जैसा व्यवहार यह वामपंथ से ग्रसित सोच से है, जिससे बाहर निकलना होगा।
बैठक में सांसदों को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष राजकिशोर यादव ने कहा कि भारत के साथ नेपाल का जो संबंध है, उसकी तुलना किसी भी अन्य देश से नहीं की जा सकती है। फिर भारत और चीन के बीच समदूरी या समान संबंध का सवाल ही नहीं उठता है। उन्होंने कहा कि नेपाल और चीन के बीच व्यापारिक रिश्ते हैं और वह हमारा उत्तर का पड़ोसी है लेकिन भारत के साथ हमारा पारिवारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक संबंध भी है। उन्होंने कहा कि व्यापार और आर्थिक दृष्टि से देखें तो भी भारत की तुलना चीन क्या किसी अन्य देश के साथ भी नहीं की जा सकती है।

## उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग की देश की महिलाओं से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील

**सियोल।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग ने देश को मजबूत करने के लिए महिलाएं से ज्यादा बच्चे पैदा करने का आह्वान किया है। इसका कारण देश में जन्मदर में गिरावट रोकना है। किम जोंग सरकार महिलाओं से अधिक से अधिक बच्चे पैदा करने का आह्वान कर रही है। किम ने रविवार को माताओं की राष्ट्रीय बैठक के दौरान यह अपील की।
किम ने कहा, जन्मदर में गिरावट रोकना और बच्चों का लालन पालन, उन्हें शिक्षा प्रदान करना हमारे पारिवारिक मामले हैं। अपनी माताओं के साथ मिलकर हमें इनका समाधान करना चाहिए।दक्षिण कोरियाई सरकार का आकलन है कि उत्तर कोरिया की जन्मदर में पिछले 10 वर्षों से लगातार गिरावट हुई है। चौतरफा पाबंदियों से घिरी अर्थव्यवस्था को बनाए रखने के लिए संगठित श्रम पर निर्भर देश के लिए यह स्थिति चिंताजनक है। सीमित आंकड़ों के चलते उत्तर कोरिया की जनसंख्या के रुझान के बारे में जानकारी मिलना कठिन है।



एक रिपोर्ट के अनुसार उत्तर कोरिया के कई परिवार एक से ज्यादा बच्चे पैदा करने में यकीन नहीं करते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्हें लगता है कि बच्चों के भरण पोषण, स्कूल इत्यादि में खर्चा होगा। कई उत्तर कोरियाई दलबदलुओं का इंटरव्यू लेने वाले अहं क्यूंग-सु ने कहा कि पिछले 20 सालों में बड़ी मात्रा में दक्षिण कोरियाई टीवी नाटकों और फिल्मों ने संभवतः उत्तर कोरिया में महिलाओं को अधिक बच्चे पैदा न करने के लिए प्रेरित किया। उत्तर कोरिया ने 1970-80 के दशक में जनसंख्या वृद्धि को धीमा करने के लिए बर्थ कंट्रोल प्रोग्राम लागू किया था। सियोल स्थित हुंडई रिसर्च इंस्टीट्यूट ने अगस्त में एक रिपोर्ट में कहा था कि 1990 के दशक के मध्य में अकाल में बड़ी संख्या में लोगों की मौत के बाद देश की प्रजनन दर में बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी।

## गाजा में संघर्ष फिर शुरू होने पर संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जताई चिंता



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतरेस ने गाजा में थोड़े समय के विराम के बाद संघर्ष फिर से शुरू होने पर चिंता जताई है। संयुक्त राष्ट्र के गाजा के प्रवक्ता स्टीफन डुजारिक ने एक बयान में कहा कि सप्ताहांत में गाजा में इजरायल और हमास और अन्य सशस्त्र फिलिस्तीनी समूहों के बीच संघर्ष फिर से शुरू होने से महासचिव बेहद चिंतित हैं। करीब एक सप्ताह के मानवीय विराम के बाद गाजा से इजरायल की ओर रॉकेट दागना और जमीनी संचालन का नवीनीकरण और दक्षिणी में इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) द्वारा तेज हवाई हमले हो रहे हैं।
गुतरेस ने सभी पक्षों से अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत अपने दायित्वों का सम्मान करने का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र ने नागरिकों को और अधिक पीड़ा से बचाने के लिए इजरायली बलों से आगे की कार्रवाई से बचने की अपील जारी रखी है जो गाजा में पहले से ही विनाशकारी मानवीय स्थिति को और खराब कर देगी। बयान में कहा गया है कि स्वास्थ्य कार्यकताओं, पत्रकारों और संयुक्त राष्ट्र कर्मियों सहित नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को हर समय संरक्षित किया जाना चाहिए।
इसमें कहा गया है, "महासचिव ने पूरे (गाजा) पट्टी में लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए निर्बाध और निरंतर मानवीय सहायता प्रवाह की आवश्यकता दोहराई है। जिन लोगों को खाली करने का आदेश दिया गया है, उनके पास जाने के लिए कहीं भी सुरक्षित जगह नहीं है और जीवित रहने के लिए बहुत कम जगह है।"
इसमें कहा गया है कि गुतरेस कब्जे वाले वेस्ट बैंक में हिंसा बढ़ने के बारे में भी गंभीर रूप से चिंतित हैं, जिसमें तेज इजरायली सुरक्षा अभियान, बड़ी संख्या में मौतें और गिरफ्तारियां, बढ़ती हिंसा और फिलिस्तीनियों द्वारा इजरायलियों पर हमले शामिल हैं।
बयान में कहा गया है कि महासचिव ने गाजा में निरंतर मानवीय संघर्ष विराम और शेष सभी बंधकों की बिना शर्त और तत्काल रिहाई के लिए अपना आह्वान दोहराया है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध : रूसी सेना के डिप्टी कमांडर की यूक्रेन में मौत

**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग के बीच, रूस के 14वीं आर्मी कोर के डिप्टी कमांडर मेजर जनरल व्लादिमीर जावादस्की के यूक्रेन में मारे गए। रूस ने सोमवार को इसकी पुष्टि की है।

## गोताखोरों ने जापान में दुर्घटनाग्रस्त अमेरिकी वायुसेना के विमान का मलबा खोजा, तीनों शव बरामद

**टोक्यो।** पिछले सप्ताह दुर्घटनाग्रस्त हुए अमेरिकी वायुसेना के ओस्प्रे विमान का मलबा और चालक दल के तीन सदस्यों का शव अमेरिकी और जापानी गोताखोरों ने खोज निकाला है। वायुसेना के अधिकारी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। ज्ञात रहे कि पिछले सप्ताह अमेरिकी वायुसेना का 8 सदस्यीय चालकों वाला विमान जापान के दक्षिण-पश्चिमी भाग में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।
अधिकारी ने बताया कि अमेरिकी वायुसेना का सीवी-22 ओस्प्रे विमान पिछले सप्ताह बुधवार को जापान के याकुशिमा द्वीप के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे के समय यह विमान प्रशिक्षण अभियान पर था और इसमें चालक दल के आठ अमेरिकी सदस्य मौजूद थे। एयरफोर्स स्पेशल ऑपरेशंस कमांड ने बताया कि आज चालक दल के पांच सदस्यों के शव दिखे जिनमें से दो को बरामद कर लिया गया है जिनकी पहचान नहीं हो सकी है। अब तक कुल तीन शव बरामद हुए हैं।
उन्होंने कहा कि अमेरिका और जापान के संयुक्त तलाश अभियान में मलबे से चालक दल के तीन अन्य सदस्यों के शव बरामद करने के लिए अभियान जारी है। कमांड ने कहा कि चालक दल के दो अन्य सदस्य अब भी लापता हैं जिनकी खोज के लिए तलाश अभियान जारी है।
इस संबंध में एक बयान में कहा गया कि प्रमुख लक्ष्य वायुसैनिकों के शवों को वापस घर लाने और उनके परिजनों की देखभाल करने का है। उन्होंने बताया कि हादसे में मरने वाले एक व्यक्ति की पहचान सार्जेंट जैकब गलिहर के तौर पर हुई है। उसका शव शनिवार को ही बरामद कर लिया गया था। वह मैसाचुसेट्स का रहने वाला था।
जापानी नौसेना के अधिकारियों ने संबंधित खबर की पुष्टि करने से इनकार किया और कहा कि वे अमेरिका की सहमति के बिना विवरण जारी नहीं कर सकते।

# हमास ने सात अक्टूबर को की इजराइली महिलाओं से बर्बरता, पहले बलात्कार, फिर हत्या, संयुक्त राष्ट्र में गूंज

**शिकागो।** फिलिस्तीन के दुर्दांत आतंकवादी संगठन हमास की सात अक्टूबर को इजराइल पर किए गए हमले के दौरान चौंकाने वाली बर्बरता सामने आई है। इसकी गूंज कल (सोमवार) संयुक्त राष्ट्र में सुनाई पड़ी। अमेरिका के प्रमुख अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार हमास के यौन उत्पीड़न के शिकार जीवित बचे लोगों की पीड़ा से मानवाधिकार कार्यकर्ता नाराज हैं। इसकी वजह यह है कि हमास ने कथित तौर पर इजराइल से संघर्ष के दौरान बंधक बनाई गई इजराइली महिलाओं का युद्ध के हथियार के रूप में 'बलात्कार' के रूप में इस्तेमाल किया।
द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार संयुक्त राष्ट्र और शिकागो में अधिवक्ताओं ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और दुनिया भर में प्रमुख महिला अधिकार संगठनों की सात अक्टूबर को हुई यौन हमलों की संख्या पर 'चुप्पी' खतरनाक है। शिकागो में यौन उत्पीड़न से बचे लोगों की पैरोकार वकील जूली स्मोलेन्स्की कहती हैं- 'मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि दुनिया बचे लोगों से मुंह मोड़ लेगी, जब अपराधियों ने अपनी हिंसा को 'इतनी खुशी से' रिकॉर्ड किया और इसे दुनिया के साथ साझा किया।'
द न्यूयॉर्क टाइम्स ने इजराइली पत्रकार ताल हेनरिक की पीड़ा सामने रखी है। हेनरिक का कहना है कि सात अक्टूबर को हमास ने इजराइली लोगों के घरों को आग लगाने से पहले, सैकड़ों इजरायली महिलाओं की दो बार हत्या की। पहले उनके साथ बलात्कार किया। इसके बाद हमास के आतंकवादियों ने उन्हें गोलियों से भून दिया।



उल्लेखनीय है कि इजराइल डिफेंस फोर्सेज शुरू से कह रहा है कि सात अक्टूबर को हमास के हमले के दौरान मारे गए 1,200 लोगों में से 300 से अधिक इजरायली महिलाएं हैं। वह आरोप भी लगाता रहा है कि उनमें से कई पीड़ितों का यौन उत्पीड़न किया गया।
अखबार के अनुसार हमास के आधिकारिक सूत्रों ने इस संबंध में बात करने से इनकार कर दिया। मगर गाजा पट्टी के युद्ध अपराध में दोनों पक्षों की भूमिका की जांच के लिए 29 नवंबर को गठित संयुक्त राष्ट्र जांच आयोग ने घोषणा की है कि वह इजराइली महिलाओं के साथ की गई यौन हिंसा के साक्ष्य जुटाने के लिए सार्वजनिक अपील करेगा। वह इसे अपनी जांच का प्रमुख बनाएगा।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।